हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 10 नवंबर 2025


तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री


12 पाटणकर कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम का सामूहिक गायन





13 गोदना हस्त शिल्प प्रशिक्षण में हिस्सा ले रही महिलाएं











## खबर संक्षेप

### ट्रक की ठोकर से साइकिल सवार की मौत

**दुर्ग।** मोहन नगर थाना अंतर्गत धमधा रोड पर सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हादसा धमधा नाका बोगदा पुलिया के आगे धमधा रोड पर हुआ। मृतक की पहचान नबा बाय के रूप में हुई है, जो आर्य नगर स्थित तुलाराम स्कूल के पास परिवार के साथ रहता था। मृतक के पुत्र के मुताबिक उसे फोन पर सूचना मिली कि उसके पिता का सड़क हादसे में एक्सीडेंट हो गया है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को जिला अस्पताल दुर्ग ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### आपत्तिजनक टिप्पणी, 6 थानों में एफआईआर

**भिलाई।** सोशल मीडिया पर छत्तीसगढ़ राज्य, उसकी संस्कृति और छत्तीसगढ़ महतारी के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी और गाली-गलौज वाले वीडियो पोस्ट किए जाने को लेकर जोहार पार्टी ने रविवार को दुर्ग जिले के 6 थानों में अपराध दर्ज करवाया है। रविवार को कुम्हारी, भिलाई-3, जामुल, नेवई, उतई और पाटन थाना में जोहार पार्टी के पदाधिकारियों ने नारेबाजी करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसर जोहार पार्टी ने विनोद पांडा, अनिल बुलचंदानी, राजेश उदासी और दीपक लालवानी के खिलाफ सभी थानों में अपराध दर्ज करवाई है। वहीं पोस्टर लगाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ भिलाई-3 थाने में मामला दर्ज किया गया है।

### लावारिस की मौत पहचान नहीं

**भिलाई।** जीआरपी थाना भिलाई ने एक अज्ञात व्यक्ति की पहचान में मदद की अपील की है। 28 अक्टूबर की दोपहर करीब 12 बजे ट्रेन नंबर 22815 एरणाकुलम एक्सप्रेस के इंजन से टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। हादसा भिलाई रेलवे स्टेशन के पास हुआ। जीआरपी के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष के बीच है।

# 15 साल पहले टंकी बनाई, कनेक्शन जोड़ा, फिर भी अंजोरा ढाबा प्यासा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग जिले का एक गांव अंजोरा ढाबा ऐसा है जहां बारिश के दिनों में भी भीषण जलसंकट के हालात हैं। जलजीवन मिशन के अंतर्गत गांव में पाइपलाइन तो बिछा दी गई, घरों में नल कनेक्शन भी दिए गए, लेकिन टंकी में पानी भरने के इंतजाम ही नहीं हो पाए। इसकी वजह से 750 से ज्यादा घरों और 4 हजार से ज्यादा की आबादी वाले इस गांव में लोगों को एक मात्र बोर पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

बाजार चौक स्थित इस बोर से ही ग्रामीण पेयजल की आपूर्ति कर रहे हैं।

**खास बातें**

- 15 से ज्यादा हैंडपंप
- एक से ही पेयजल
- 750 परिवार परेशान
- 4 हजार की आबादी, ग्रामीण जूझ रहे पेयजल से
- बिछाई गई पाइप लाइन में पानी नहीं




### 4 हजार से ज्यादा की आबादी एक हैंडपंप के भरोसे

जानकारी के मुताबिक गांव में पानी स्टोर करने के लिए करीब 15 साल पहले 80 हजार लीटर क्षमता की पानी की टंकी बनाई गई। तय किया गया कि बोर से पानी को लिफ्ट कर टंकी में भरा जाएगा, इसके जरिए पूरे गांव में पानी की सप्लाई की जाएगी, लेकिन वाटर लेवल डाउन होने की वजह से गांव के लगभग सभी बोर बंद पड़े हुए हैं। एक मात्र बोर बाजार चौक का ही बोर चालू है। इसकी टंकी से दूरी करीब 300 फीट है। इसके अलावा 100 फीट ऊंचाई में ओवर हेड टैंक हैं। इस हिसाब से करीब 400 फीट पानी लिफ्ट कर टंकी में पहुंचाया जाना है। 3 एचपी का मोटर लगाया गया है, लेकिन वाटर लेवल कम होने की वजह से आए दिन मोटर जल जा रहा है। मजबूरी में गांव वालों ने टंकी को भरने का इरादा ही छोड़ दिया। वर्तमान में बोर से ही घरों में पानी पहुंच रहा है। निस्तारी के लिए तालाब का इस्तेमाल गांववाले कर रहे हैं। कांग्रेस के सिरसा मंडल अध्यक्ष गोपी निर्मलकर ने बताया कि जल जीवन मिशन में गड़बड़ी की गई। इस वजह से पानी नहीं पहुंच पाया।

### नदी से पानी लाने पाइप लाइन बिछ चुकी, डांडेसरा में बड़ी टंकी बन रही

नदी से पानी लाने के लिए करीब साढ़े 6 किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाई गई है। बिजली कनेक्शन के लिए शुल्क जमा करना है। इसके बाद बांध तक नदी का पानी पहुंचेगा। इससे भूजल स्तर बढ़ेगा और नलकूप से पर्याप्त पानी मिल सकेगा। गांव में 6 नलकूप हैं। इसके अलावा डांडेसरा में एक बड़ी टंकी बन रही है। उसके माध्यम से भी गांव में पानी पहुंचाने की तैयारी है। कनेक्शन तो पहले हैं। आगामी दिनों में दिक्कत नहीं होगी।

**-प्रेमिन सुमरन साहू,** सरपंच अंजोरा ढाबा

## पंजीयन एवं केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने जारी की नई दरें, तत्काल प्रभाव से लागू

# जमीन खरीदना 30% तक महंगा, गणना के नए नियम लागू, निकायों में 52.5 डिसमिल के बजाए 35 का स्लैब

*अतुल अग्रवाल:दुर्ग। राज्य सरकार ने कलेक्टर गाइडलाइन से होने वाली जमीन की गणना में बड़ा बदलाव किया है। 7 नवंबर को जारी आदेश के बाद इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। राज्य बनने के बाद पहली बार ऐसा हो रहा है, जब जमीन अधिग्रहण के बाद उसके मुआवजे की गणना वर्गमीटर नहीं, बल्कि हेक्टेयर से होगी। इतना ही नहीं निगम क्षेत्रों में स्लैब 52.5 डिसमिल से घटाकर 35 डिसमिल कर दिया गया है। यानी इसके उपर की गणना हेक्टेयर में होगी। इससे जमीन की कीमतों में बढ़ोत्तरी होगी। अधिकारियों ने बताया कि शासन का मानना है कि इससे अवैध प्लॉटिंग के मामलों में कमी आएगी। इतना ही नहीं जिस जमीन का मुआवजा देना होगा वो डायवर्सन की गई हो या नहीं की गई हो। इससे मुआवजे की रकम पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। यानी डायवर्टेड और बिना डायवर्सन की जमीन की कीमत भी एक ही होगी। पहले डायवर्सन जमीन का मुआवजा बिना डायवर्सन वाली जमीन की तुलना में करीब ढाई गुना ज्यादा होता था। अब ऐसा कुछ भी नहीं होगा।*

### नियमों में होने वाले बदलवाओं को जानिए

अधिग्रहण नियमों के अनुसार अधिग्रहित की गई जमीन 500 वर्गमीटर से कम है तो मुआवजा ज्यादा मिलता है। जमीन 500 वर्गमीटर से ज्यादा है तो मुआवजा कम मिलता है। इसे ऐसे समझिए... मान लीजिए एक एकड़ जमीन का मुआवजा 20 लाख होता है। इसी जमीन को अगर टुकड़ों में बांटकर 500 वर्गमीटर से कम कर दिया जाए तो मुआवजा 1 करोड़ तक हो जाएगा। क्योंकि एकमुश्त जमीन अधिग्रहित होने पर उसकी कीमत अलग होती है और जैसे ही जमीन छोटे-छोटे टुकड़ों में हो जाती है तो उसकी कीमत प्रचलित कलेक्टर गाइडलाइन से की जाती है। जो लगभग बाजार मूल्य के बराबर हो जाती है। इससे मुआवजा कई गुना बढ़ जाता है। कैबिनेट में लिए हुए फैसले के बाद इसे लागू कर दिया गया है।




### ओवर ब्रिज और फ्लाई ओवर के नीचे की जमीन में दर 20 प्रतिशत तक होगी कम

ओवर ब्रिज या फ्लाई ओवर के नीचे या उसके समानांतर सड़क के आसपास के जमीन के पंजीयन के लिए शुल्क का निर्धारण निर्धारण बाजार मूल्य से 20 प्रतिशत कम में की जाएगी। असिंचित भूमि का मूल्यांकन सिंचित भूमि के मूल्यांकन से 20 प्रतिशत कम में की जाएगी। पुराने मकानों का पंजीयन निरीक्षण के बाद तय होगा। 10 साल तक के मकान में कोई छूट नहीं मिलेगी। 10 वर्ष से अधिक और 20 वर्ष के कम के मामलों में 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 20 वर्ष से पुराने मकानों का मूल्यांकन में 20 प्रतिशत की छूट होगी। ऐसी दुकान जिसकी ऊंचाई 11 फुट से अधिक है, जिसमें मेजनाइन फ्लोर बना हुआ है, उसमें बाजार मूल्य में 30 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी कर गणना की जाएगी।

### पक्के और शेड वाले भवनों के लिए भी दरों का निर्धारण

शासन ने पक्के और शेड वाले भवनों के लिए भी दरों का निर्धारण किया है। इसमें आवासीय मामलों पक्के निर्माण के लिए 1150, शेड वाले के लिए 700 रुपए प्रति वर्गफुट निर्धारित है। इसी प्रकार दुकान के मामलों में 1800, शेड वालों में 1 हजार, कार्यालय के लिए पक्का निर्माण 1700, शेड के लिए 800 और गोदाम, कोल्ड स्टोरेज के मामलों में पक्के निर्माण के लिए 1550 और शेड वाले के लिए 500 रुपए प्रतिवर्गफुट के हिसाब से मूल्यांकन गणना की जाएगी। इस प्रकार जमीन की खरीदी-बिक्री औसतन 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

### मुख्य मार्ग से 20 मीटर तक दूरी वाले भूखंडों पर गणना का नियम

नगरीय क्षेत्र में मुख्य मार्ग से 20 मीटर तक दूरी तक के भूखंडों पर मुख्य मार्ग के हिसाब से बाजार मूल्य की गणना की जाएगी। अब इसमें संशोधन कर दिया गया है। यानी 20 मीटर यदि कोई भूखंड है। ग्रामीण क्षेत्र में यह दूरी 50 मीटर निर्धारित की गई है। इतना ही नहीं एक से अधिक व्यक्ति जो परिवार के सदस्य न हो, एक भूखंडे सामूहिक रूप से खरीदते हैं, तो अंशधारी को हिस्से की जानकारी देनी होगी। ऐसा नहीं करने की स्थिति में सभी का हिस्सा समान माना जाएगा। ऐसा भूखंड जो मुख्य मार्ग से अंदर स्थित हो, लेकिन उसका उपयोग औद्योगिक या व्यावसायिक रूप में हो रहा है। उसमें बाजार मूल्य की गणना दर में 25 प्रतिशती की वृद्धि होगी।

**दाम 30 फीसदी तक बढ़ गए :** नारायण शर्मा बताते हैं कि शासन ने जो नई गाइडलाइन जारी की है, उसमें जमीन की खरीदी-बिक्री शुल्क 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गए हैं। यानी खरीदी-बिक्री पहले से और अधिक महंगी हो गई है। बाजार मूल्यों का भी नए सिरे से निर्धारण किया जा रहा है।

## ढलाई के दौरान मेडिकल कॉलेज का स्लैब गिरा, 12 मजदूर दबे, दो गंभीर



9 को उपचार के लिए भर्ती कराया गया कैजुअल्टी में, एक आईसीयू शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई के जुनवानी में स्थित अभिषेक मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। यहां निर्माणाधीन असपताल बिल्डिंग के छत की ढलाई के दौरान पूरा का पूरा स्लैब भरभराकर गिर गया। इस दौरान वहां काम कर रहे 12 मजदूर भी दब गए। इसमें 9 को उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।


स्लैब ढलाई के दौरान कंक्रीट पंप चलाने वाले मजदूर रामकुमार ने बताया कि घटना रविवार दोपहर 1 से डेढ़ बजे के बीच की है। स्लैब की ढलाई का काम चल रहा था। कंक्रीट पंप से कंक्रीट को स्लैब तक भेजा जा रहा था। अचानक से पूरा का पूरा स्लैब नीचे गिर गया। इस दौरान स्लैब के ऊपर 12 मजदूर कंक्रीट को फैलाने का काम कर रहे थे। सभी स्लैब के साथ नीचे आ गए। इसमें तीन को चोट नहीं आई, लेकिन 9 लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया। उसने बताया कि एक मजदूर की पसली के पास लोहे की रॉड घुस गई और एक मजदूर का सिर फट गया है। हादसे के बाद पूरे अस्पताल परिसर में अफरा तफरी का माहौल था। अस्पताल की कैजुअल्टी में सभी को भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। अस्पताल प्रबंधन ने इस बारे में कोई स्पष्ट बयान हीं जारी किया है, उनके द्वारा कहा गया कि वो लोग सभी मजदूरों का उपचार कर रहे हैं। सभी की हालत खतरे से बाहर है। सुपेला थाना प्रभारी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज परिसर में नया भवन निर्माण कार्य चल रहा था।

**ये मजदूर हुए हैं घायल :** दुर्घटना में जो मजदूर घायल हुए हैं उनके नाम जगत कुमार, सुगम कुर्रे, महेंद्र राजपूत, संतोष यादव, रविंद्र कुमार, लोकेश निषाद, वीर साहू, प्रदीप साहू और सुमित बांधे हैं।

संपत्तिकर का मामला

## हाईकोर्ट के आदेश पर जेके लक्ष्मी सीमेंट ने जमा किए 2.73 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



दुर्ग जिले में स्थित जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड कंपनी के खिलाफ छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। न्यायालय के आदेश पर जेके लक्ष्मी ने अहिवारा नगर पालिका के खाते में संपत्ति कर के रूप में 2 करोड़ 73 लाख 60 हजार 356 रुपए जमा किया है। अहिवारा नगर पालिका ने जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड के ऊपर संपत्ति कर जमा करने का नोटिस जारी किया था। इसके बाद मामला हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए पहुंचा। नगर पालिका ने 17 सितंबर 2025 को जारी किए गए डिमांड नोटिस को कोर्ट के सामने रखा और बताया कि उन्हें जेके लक्ष्मी सीमेंट कंपनी से साल 2016-17 से लेकर 2024-25 तक के अवधि के लिए कुल 9 करोड़ 12 लाख 1 हजार 186 रुपए संपत्ति और समेकित कर के रूप में चाहिए। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया कि सीमेंट कंपनी डिमांड नोटिस की राशि का 30 प्रतिशत 45 दिनों के भीतर जमा करे। इस पर कंपनी ने अपना पक्ष दिया कि उन्होंने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए अहिवारा नगर पालिका को संपत्ति कर की मांग राशि का 30% हिस्सा जमा कर दिया है। इसके बाद 17 सितंबर 2025 के डिमांड नोटिस के प्रभाव और संचालन पर अगली सुनवाई की तारिख तक रोक लगाई गई है। कंपनी ने 7 नवंबर 2025 को कुल 2 करोड़ 73 लाख 60 हजार 356 रुपए जमा किया है।

**सीमेंट कंपनी ने की थी ये अपील :** जेके लक्ष्मी सीमेंट कंपनी ने नगर पालिका प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस जमा राशि को हाईकोर्ट के निर्देशानुसार दर्ज किया जाए और मामले का अंतिम निर्णय आने तक कोई कार्रवाई न की जाए।

राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला

# बच्चों को सही दिशा, संवेदनशील वातावरण और विधिक सुरक्षा देना आवश्यक : डीजे

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग ने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवा माह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के के अंतर्गत बाल अधिकार संरक्षण, पीड़ितोन्मुख न्याय, विधिक जागरूकता, तथा पुनर्वास एवं सुधार आधारित न्यायिक दृष्टिकोण को सशक्त करने को लेकर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में बाल अपराध एवं सुरक्षा विषयक कार्यशाला का आयोजन रविवार को जिला न्यायालय दुर्ग के नवीन सभागार में किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजुर ने कहा कि बच्चे केवल आज के नागरिक नहीं, बल्कि कल के राष्ट्रनिर्माता हैं। उन्हें सही दिशा, संवेदनशील वातावरण और विधिक सुरक्षा प्रदान करना केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बाल संरक्षण और समाज निर्माण के सूक्ष्म एवं मानवीय आयामों पर प्रकाश डालते हुए आश्वस्त किया कि आगामी कार्यक्रम जिला न्यायालय और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किए जाएंगे। आईजी रामगोपाल गर्ग ने पॉक्सो और बाल सुरक्षा कानूनों के तकनीकी एवं न्यायिक अनुप्रयोग पर विवेचना अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में जांच और अभियोजन अत्यंत संवेदनशील, वैज्ञानिक और प्रमाण-आधारित होनी चाहिए।



### दुर्ग जिले में तैयार किया जाएगा पुनर्वास मॉडल

आईजी रामगोपाल गर्ग ने कहा कि पुलिस विभाग की ओर से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पूर्ण समर्थन एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा। एसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि बाल न्याय प्रणाली केवल सुनवाई और निर्णय का ढांचा नहीं, बल्कि एक समग्र पुनर्वास मॉडल है, जिसमें बच्चे को संपूर्ण व्यक्तित्व के रूप में देखा जाता है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद्मश्री तंवर ने नशामुक्ति अभियान की रणनीतियों एवं पॉक्सो मामलों की संवेदनशीलता और संतुलित विधिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनिष दुबे ने न्यायिक प्रक्रिया के व्यावहारिक एवं तकनीकी पक्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाल-संबंधित मामलों में न्यायालय, पुलिस, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और परिवार सभी की संयुक्त भूमिका आवश्यक है।


**बाल संरक्षण की अवधारणा बच्चों की सुरक्षा और बेहतर वातारण प्रदान करना :** जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अवध किशोर ने बाल अपराध एवं सुरक्षा पर अपने उद्बोधन में कहा कि बाल संरक्षण की अवधारणा का मूल उद्देश्य केवल विधिक दंड निर्धारण नहीं, बल्कि समाज के सबसे संवेदनशील वर्ग बच्चों—को सही वातावरण, मार्गदर्शन और सुरक्षा प्रदान करना है। अधिवक्ता संघ दुर्ग की अध्यक्ष नीता जैन ने कहा कि बाल अपराध केवल कानून का विषय नहीं, यह माता-पिता की भागीदारी, संवाद और सतर्कता से भी गहराई से जुड़ा है। किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट भगवान दास पनिका ने किशोर न्याय अधिनियम की तकनीकी बारीकियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बालकों के संरक्षण को लेकर न्यायाधीश ने अपने विचार रखे।

## ब्याज के पैसे के लेन देन को लेकर हत्या, दस आरोपी गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ब्याज के पैसे की लेन देन को लेकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 103 (1), 331 (8), 111(बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए सभी को रिमांड पर भेज दिया गया है।

मामला थाना सिटी कोतवाली दुर्ग का है। जानकारी के अनुसार प्रार्थिया वी. रानी सोनी उम्र 46 वर्ष निवासी शीतला नगर ने थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसका पति वेदुरवाडा संतोष आचारी सोना चादी एवं ब्याज पर रुपए देने का काम करता था। दादू सोनी को उसके पति ने कुछ रुपए दिए थे, जो काफी दिनों से वापस नहीं कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कई बार विवाद हुआ था। विगत 7 नवंबर को वेदुरवाडा संतोष आचारी ने पत्नी को फोन कर बताया कि दादू सोनी से पैसा मांगने पर उसका लड़का अपने दोस्तों के साथ विवाद हो गया है। अलगे दिन



सुबह करीब 7 बजे अस्पताल से पत्नी को सूचना मिली की पति संतोष आचारी की हत्या हो गई है। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। आरोपियों की पतासाजी के दौरान दादू सोनी एवं अन्य आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी दादू सोनी ने बताया कि वी. संतोष आचारी से पैसे की लेन देन की बात को लेकर काफी दिनों से उसके साथ विवाद चल रहा था। कोतवाली पुलिस ने हत्या के आरोप में चैत्रराम सोनी उर्फ दादू निवासी ब्राम्हण पारा, मनीष सोनी सदर बाजार, तरूण सोनी सदर बाजार, शिवा सोनी गौरी पारा दुर्ग, अनिल कुमार यादव वार्ड 5, हीरा सोनी सदर बाजार, अमन उर्फ टिकेन्द्र तिवारी वार्ड 6, राहुल ढीमर निवासी ढीमर पारा, घनश्याम ढीमर, योगेश ठाकुर निवासी आपापुरा दुर्ग को गिरफ्तार किया है।

**खबर संक्षेप**

## जिला स्तरीय मेगा शिविर 14 नवम्बर को

**दुर्ग।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारत के 100 जिलों में दावा रहित जमा राशियों हेतु जिला स्तरीय मेगा शिविर 14 नवंबर को नगर निगम भिलाई में स्थित सभागार कक्ष क्रमांक 2 में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य में दुर्ग जिले को चयनित किया गया है। अग्रणी बैंक प्रबंधक से मिली जानकारी अनुसार दुर्ग जिले में कुल 1,72,174 खातों में कुल राशि 65.59 करोड़ है । इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक दावा रहित जमा राशि को उनके सही दावेदारों को प्रदान किये जाएंगे और अधिक से अधिक आवेदनों का निपटान किये जाएंगे।

## जिले में 24×7 चाइल्ड हेल्प डेस्क की स्थापना

**दुर्ग।** मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत दुर्ग जिले में चाइल्ड हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। इस हेल्प डेस्क का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग द्वारा न्यू बस स्टैंड प्रतीक्षालय में रैन बसेरा के नीचे भूतल कक्ष क्रमांक 2 अनुसूचित जाति में किया गया। यह हेल्प डेस्क 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे 7 दिन कार्यरत रहेगी, ताकि बच्चों के सर्वोत्तम हित में त्वरित सहायता और संरक्षण उपलब्ध कराया जा सके। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का मुख्य उद्देश्य 0-18 वर्ष के बच्चों को सुरक्षा और देखरेख उपलब्ध कराना है, जिन्हें तत्काल सहायता की आवश्यकता होती है। इस सेवा के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को आपात स्थिति में सहायता, पुनर्वास, परामर्श और सुरक्षा से संबंधित सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से जिले में बाल सुरक्षा से संबंधित कार्यों को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे किसी भी जरूरतमंद बच्चे को समय पर सहायता मिल सके।

## हाई सिक्योरिटी नंबर के लिए शिविर आज से

**दुर्ग।** परिवहन आयुक्त, कार्यालय नवा रायपुर एवं केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के दिये गये प्रावधानों, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के साथ समय-समय पर जारी अन्य निर्देशों के अतिरिक्त उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के परिपालन में छत्तीसगढ़ 1 अपैल 2019 के पूर्व के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार उक्त निर्देश के अनुक्रम में आम जनता, कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीन वेली सोसायटी जुनवानी में 10 से 15 नवम्बर, ड्रीम होम सोसायटी स्मृति नगर दुर्ग में 17 से 21 नवम्बर तक और एसीसी जामुल में 24 से 29 नवम्बर तक शिविर आयोजित किये जाएंगे। शिविर में ही हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने की कार्यवाही संबंधित कंपनी के कर्मचारी उपस्थित रहकर करेंगें। उक्त प्रस्तावित शिविर में अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर निर्धारित शुल्क जमा कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए आर्डर किया जा सकता है।

# शिक्षा विभाग के 2813 शिक्षक प्राचार्य बने, दुर्ग में 250 को पदोन्नति

**शिक्षक कांग्रेस ने उठाया था मुद्दा, इसके बाद शासन ने जारी किया आदेश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस जिला दुर्ग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तकियापारा दुर्ग में दीपावली मिलन समारोह शिक्षक कांग्रेस के प्रांताध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय पदाधिकारी अतुल कामले, राजेश द्विवेदी, टीएस सिन्हा एवं जिला दुर्ग के संरक्षक मोहसिन अली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। दुर्ग जिला अध्यक्ष बेनी राम देवांगन, महामंत्री ईश्वर लाल सोनी, भिलाई नगर अध्यक्ष होल साय वर्मा ने प्रांताध्यक्ष सहित अतिथियों का स्वागत किया। मिलन समारोह में उपस्थित मंजू गुप्ता, पुष्पा जोशी, मंजू लकरा, ईश्वरी गायकवाड़ एवं वीके सिंह ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में विगत दस वर्षों से प्राचार्य की रुकी हुई है। पदोन्नति को प्रांताध्यक्ष अनिल शुक्ला ने संचालनालय से उच्च न्यायालय तक संघर्ष कर स्कूल शिक्षा विभाग के 2813 व्याख्याता एवं प्रधान पाठक माध्यमिक विद्यालय को प्राचार्य पद पर पदोन्नति दिलाने में महती भूमिका का निर्वहन किया। प्रधान पाठक से सीधे प्राचार्य पदोन्नत होने वाले जय जय राम देशमुख, राजेश द्विवेदी ने कहा कि हम लोगों ने कभी सोचा नहीं था कि प्राचार्य पद से सेवानिवृत होंगे। मिलन समारोह में नेम राज वर्मा, दीनानाथ सर्वा, प्रकाश चंद्राकर, सेवक राम गजपाल, बीएल लीलाहरे, सूर्यनारायण राव, विनोद ठाकुर, संदीप दुबे सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

### विधिक ज्ञान से मिली सफलता

व्याख्याता से प्राचार्य पदोन्नत रवि प्रधान ने कहा कि प्राचार्य पदोन्नति में कोर्ट का सहारा लेकर विभाग के कतिपय व्याख्याता अवरोध उत्पन्न कर रहे थे किंतु अनिल शुक्ला ने उच्चन्यालय में प्राचार्य पदोन्नति के विरुद्ध सभी याचिकाओं को अपने विधिक ज्ञान एवं सर्विस मैटर के दक्ष अधिवक्तागणों के माध्यम से खारिज कराने में सफल रहे। उपस्थित सभी साथियों ने प्रांताध्यक्ष श्री शुक्ला को जिस तकियापारा विद्यालय को वर्ष 2008 में हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य के रूप में शुरू किया, उसी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का प्राचार्य के पद पदभार ग्रहण करने के लिए बधाई दी।




### सभी का मिला सहयोग

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री शुक्ला ने कहा कि प्राचार्य पदोन्नति में छत्तीसगढ़ प्राचार्य पदोन्नति फोरम के सहयोगियों के साथ साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का भरपूर सहयोग मिला। स्कूल शिक्षामंत्री के निर्देश पर सभी पदोन्नत प्राचार्य अति शीघ्र विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करेंगे। राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता एवं वर्ष 2017 से देय एरियर्स के लिए एक मांग एक मंच के हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है ।

**घर-घर दस्तक : विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर घर-घर हो रहा सर्वे**

# एसआईआर को लेकर मोर्चे पर राजनीतिक पार्टियां कांग्रेस में प्रभारी नियुक्त, बीजेपी फील्ड पर उतरी

**4 दिसंबर से होना है 2003 और 2025 की सूची का सत्यापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू हो चुका है। जिला निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नियुक्ति बीएलओ घर-घर पहुंच रहे हैं। बता दें कि 4 नवंबर से शुरू यह सर्वे 4 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें वर्ष 2003 और 2025 की मतदाता सूची का सत्यापन होना है। देश में मतदाता सूची फर्जीवाड़ा को लेकर मचे घमासान के बाद निर्वाचन आयोग ने दोनों वर्षों की मतदाता सूची का सत्यापन शुरू किया है। इसके बाद राजनीतिक पार्टियां भी मोर्चे पर आ गई है। कांग्रेस ने मतदाता सूची के सत्यापन के दौरान अपने कार्यकर्ताओं को फील्ड पर उतार दिया है। इसके लिए उन्हें बकायदा ट्रेनिंग दी जा रही है। इतना ही नहीं ब्लॉक स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। बैठकें ली जा रही है। वहीं भाजपा में भी मंडल स्तर पर बैठकें शुरू हो गई हैं, जिसमें पार्टी हाईकमान के निर्देशों, मतदाता सूचियों के बारे में सत्यापन से जुड़ी जानकारी को गंभीरता से लेने के टिप्स दिए जा रहे हैं। नए नाम जोड़ने और पुराने कटवाने को लेकर भी बूथ स्तर पर मॉनिटरिंग रखी जा रही है। देश में संभवतः पहली बार ऐसा हो रहा है, जब इस तरह से दो सूचियों का परीक्षण किया जा रहा है।

### कांग्रेस ने तय की निगरानी समिति



निर्वाचन विभाग ने प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य शुरू कर दिया है। इसके साथ ही कांग्रेस ने भी मतदाताओं को जोड़ने के लिए अपनी टीमों की तैनाती के लिए ब्लॉक अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों का बैठक ली। सूची से वोट चोरी न हो, इसको लेकर कांग्रेस ने ब्लॉक स्तर तक टीम लगाने विशेष तैयारी की है। अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने ब्लॉक वार प्रभारी के साथ जिला कार्यालय से निगरानी हेतु टीम गठित करने रविवार को कांग्रेस भवन में महत्वपूर्ण बैठक ली। राकेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में एसआईआर लागू करने के फैसले के बाद से प्रदेश में सियासी घमासान मचा हुआ है। एसआईआर के जरिए बिहार की तरह छत्तीसगढ़ में भी दलित, एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम काटने की साजिश की जा रही है। ऐसे में कांग्रेस दुर्ग जिले के सभी ब्लॉक क्षेत्रों में अपने बीएलए के साथ प्रभारी लगाएगी। साथ ही निगरानी करेगी। बैठक में विक्रांत अग्रवाल, नागमणि साहू, उमेश साहू, हीरालाल वर्मा, सुनीता चन्नेवार, उमाकांत चंद्राकर, सुमन वर्मा, नंदकुमार सेन, टनेन्द्र ठाकरे, विनोद कुमार , रज्जाक खान, संजय देशलहरे, धरम बर्रे, हीरा वर्मा, प्रदिप चंद्राकर आदि मौजूद थे।

### पहले अपना नाम चेक करें, फिर परिवार और मोहल्ले का



भाजपा जिला संगठन ने भी मंडल स्तर पर बैठकें शुरू कर दी है। इस दौरान पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जानकारी दी जा रही है कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। इसकी जानकारी रखें। मंडल से लेकर बूथ स्तर पर कार्यकर्ता सक्रिय रहें। सबसे पहले अपना नाम चेक करें, फिर परिवार और इसके बाद मोहल्ले के लोगों के नाम की पहचान कराएं। 10वीं की मार्कशीट, पासपोर्ट, आधारकार्ड या अन्य पहचान पत्र अपने पास रखें। दो कलर फोटो रखें। मृत व्यक्तियों के नाम कटवाएं। नए नाम जोड़ने में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पता चलने पर इसकी जानकारी पार्टी हाईकमान को दें। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक द्वारा रविवार को अलग-अलग मंडलों में पहुंचकर बैठकें ली गई। एसआईआर को लेकर विधानसभा और मंडल स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की गई। 4 दिसंबर तक बीएलओ घर-घर जाकर एसआईआर का फॉर्म बांटेंगे और फिर इसी के आधार पर 9 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की जाएगी। उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि पार्टी हाईकमान के निर्देशों के अनुरूप भाजपा का हर कार्यकर्ता निष्पक्ष निर्वाचन नियमावली को लेकर तैयार है। मतदाता सूची का सत्यापन आवश्यक है। इस दिशा में नियमित रूप से परीक्षण में सहयोग किया जाएगा। मंडल स्तर पर भी बैठकें ली जा रही है।

**2003 में था 9.79 लाख मतदाता, 2025 में हो गए 14.52 लाख**

बता दें कि 2003 में जहां जिले में जहां 979071 मतदाता थे। वहीं वर्तमान स्थिति में इनकी संख्या बढ़कर 145509 हो गई है। इस प्रकार करीब 48.35 प्रतिशत मतदाता बढ़ चुके हैं। 22 साल में इन वोटरों की संख्या में 473438 वोटरों की संख्या बढ़ी है। निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का प्रारंभिक प्रकाशन 28 अक्टूबर को किया गया है। 4 नवंबर से शुरू अभियान 4 दिसंबर तक चलेगा। 7 फरवरी 2026 को तैयार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। 9 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। 8 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति ली जाएगी। 31 जनवरी 2026 तक नोटिस चरण (सुनवाई और सत्यापन) रहेगा। 7 फरवरी को फाइनल सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। 1 जनवरी 2026 की स्थिति में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने फार्म-6 भरकर दर्ज करने की कार्यवाही की जा सकेगी। इस कार्य के लिए कलेक्टोरेट में हेल्प डेस्क बनाया गया है। 1950 नंबर पर भी जानकारी ली सकती है।

# महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आज अंतिम दिन

■ एथलेटिक्स, हॉकी, कुश्ती सहित 11 स्पर्धाएं शामिल

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड स्तरीय दुर्ग, पाटन एवं धमधा में होने वाले महिला खेल प्रतियोगिता के अन्तर्गत एथलेटिक्स (100 मीटर एवं 400 मीटर दौड, एवं तवा फेक), खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन (सिंगल एवं डबल), व्हॉलीबाल. कुश्ती (50 किलो एवं 53 किलो), बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग (40 किलो एवं 45 किलो), एवं रस्साकसी, खेल की स्पर्धाये होगी। महिला खेल प्रतियोगिता अंतर्गत 2 आयुवर्ग 9-18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष तक महिला खिलाड़ियों को भाग लेने की पात्रता होगी। जिले के विकासखंड दुर्ग, पाटन एवं धमधा में विकासखंड स्तर पर तथा पाटन (सेलूद) में जिला स्तरीय आयोजन पूर्वान्ह 8 बजे होगा। प्रत्येक स्थल हेतु स्पर्धा प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। विकासखंड दुर्ग के शा.उ.मा.वि. कोडिया के आयोजन के लिए अशोक रिगरी स्पर्धा प्रभारी होंगे। इसी प्रकार सेजस सेलूद विकासखंड पाटन और कॉलेज मैदान सिरना भाठा विकासखंड धमधा के आयोजन के लिए पोखरन लाल साहू तथा कौशलेंद्र पटेल स्पर्धा प्रभारी होंगे। 10 नवंबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सेजेस सेलूद, पाटन में किया जाएगा, जिसके प्रभारी भी पोखरन लाल साहू होंगे। विकास खण्ड स्तर पर उपरोक्त खेलों का आयोजन कराया जाना है। जिसमें दो आयुवर्ग से प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी, दल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगें। प्रतिभागी अपने विकासखण्ड पर ही खेल में भाग लेंगें एवं एक खिलाड़ी एक ही खेल में भाग लेंगें तथा निर्धारित समय में पहले पहुंच कर अपना जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड लेकर निर्धारित प्रपत्र को स्पष्ट भर कर संबंधित प्रभारी के पास जमा करेंगे।

# पाटणकर कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम का सामूहिक गायन



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय की छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कार्यलय स्टॉफ के समस्त कर्मचारियों ने वंदेमातरम गीत का सामूहिक गायन किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने वंदेमातरम गीत की भावना का मर्म समझाते हुए छात्राओं से राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र भावना से ओत-प्रोत हो राष्ट्र के लिए समर्पण के लिए आह्वान किया। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित इस राश्ट्रीय गीत को किन परिस्थितियों एवं भावना से प्रेरित होकर रचा गया इन तथ्यों पर प्राचार्य ने प्रकाश डाला।इस आयोजन पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव, डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. सुशमा यादव, डॉ. केएल राठी, डॉ. रेश्मा लाकेश, डॉ. मीरा गुप्ता, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. अनुजा चौहान, डॉ. विजय वासनिक, डॉ. मोनिया राकेष, डॉ. मंजुलता साव, ज्योति भरणे, डॉ. ऋतु दुबे एवं अन्य प्राध्यापक तथा ऑफिस स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने किया।

# रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और निगम आयुक्तों को बनाया गया अतिरिक्त सहायक निर्वाचक अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन नामावली का पुनरीक्षण

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 01 जनवरी 2026 हेतु पूर्व में नियुक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के अतिरिक्त नए सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 62 पाटन हेतु अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार - 2 पाटन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमलेश्वर, 63 दुर्ग ग्रामीण हेतु कार्यपालन अभियंता नगर निगम रिसाली, 64 दुर्ग शहर हेतु सयुक्त कलेक्टर 1 डिप्टी कलेक्टर - 1 दुर्ग, उपायुक्त नगर पालिका निगम दुर्ग एवं कार्यपालन अभियंता - 2 नगर पालिका निगम दुर्ग, 65 भिलाई नगर हेतु सयुक्त कलेक्टर 2 डिप्टी कलेक्टर -2 दुर्ग, ज़ोन आयुक्त ज़ोन 5 कार्यपालन अभियंता 1 नगर निगम भिलाई, नायब तहसीलदार -3 दुर्ग एवं उपायुक्त नगर पालिका निगम भिलाई, 66 वैशाली नगर हेतु अतिरिक्त तहसीलदार 2 नायब तहसीलदार- 4 दुर्ग, ज़ोन आयुक्त 3 कार्यपालन अभियंता 2 नगर निगम भिलाई एवं नायब तहसीलदार 5 दुर्ग तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 67 अहिवारा हेतु तहसीलदार भिलाई -3, नायब तहसीलदार -1 अहिवारा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद जामुल को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा (आंशिक) हेतु तहसीलदार,नायब तहसीलदार 1 धमधा तथा 69 बेमेतरा (आंशिक ) हेतु नायब तहसीलदार - 2 धमधा एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत धमधा को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### नगर निगम आयुक्त भी बनाये गए अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य हेतु नगर निगम क्षेत्र में सहभागिता सुनिश्चित करने समस्त नगर निगम आयुक्तों को संबंधित निगम क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। आयोग के आदेशानुसार जिले के नगर निगम आयुक्त दुर्ग अधिकार क्षेत्र दुर्ग नगर निगम, नगर निगम आयुक्त भिलाई 3 चरोदा अधिकार क्षेत्र भिलाई 3 चरोदा नगर निगम, नगर निगम आयुक्त भिलाई अधिकार क्षेत्र भिलाई नगर निगम तथा नगर निगम आयुक्त रिसाली अधिकार क्षेत्र रिसाली नगर निगम के लिये अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किये गए है। यह नियुक्ति लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 सी के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति समझे जाएंगे और ऐसे अधिकारी इस अवधि के दौरान निर्वाचन आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण एवं अनुशासन के अध्यधीन होंगे। यह नियुक्ति विशेष गहन पुनरीक्षण 2025-26 की समाप्ति पश्चात प्रभावी नहीं रहेगी।

**बिना पुनर्वास किए हॉस्पिटल सेक्टर के निवासियों को हटाना अनुचित**

# सभी निवासियों को एक समान नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ मेहनतकश आवास अधिकार संघ ने उठाया मुद्दा

मेहनतकश आवास अधिकार संघ एवं छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति द्वारा बताया गया कि हॉस्पिटल सेक्टर में निवासरत लोगों को जारी नोटिस के संबंध में 8 नवम्बर को पेशी रखी गई थी। इस अवसर पर हॉस्पिटल सेक्टर के सैकड़ों निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

पेशी के दौरान हाईकोर्ट के अधिवक्ता अमित कुमार एवं गीत कुमार ने सेक्टरवासियों की ओर से कानूनी पक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल सेक्टर के सभी निवासियों को एक समान नोटिस जारी किया गया है, जो कि कानूनी दृष्टि से गलत है, क्योंकि यहाँ रहने वाले अधिकांश लोग पूर्व बीएसपी कर्मियों के परिजन, लीजधारी, अलॉटमेंटधारी या लाइसेंसी हैं। अतः प्रत्येक श्रेणी के लिए भिन्न-भिन्न कानूनी धाराओं के अंतर्गत नोटिस जारी किया जाना आवश्यक था, जो नहीं किया गया।अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि बिना सुव्यवस्थित पुनर्वास एवं वैकल्पिक व्यवस्था किए हॉस्पिटल सेक्टर के निवासियों को हटाना अनुचित और अमानवीय होगा। उन्होंने संपदा न्यायालय को यह भी अवगत कराया कि इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में भी याचिका दायर की जा चुकी है। संपदा न्यायालय द्वारा अगली पेशी की तिथि 19 नवम्बर 2025 निर्धारित की गई है।वहींए मजदूरों के बीच यह भी चर्चा का विषय रहा कि सूत्रों के अनुसार सेक्टर-9 अस्पताल के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है, जो भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों और सेक्टर के सैकड़ों श्रमिक परिवारों के लिए गहरी चिंता का विषय है। निजीकरण की स्थिति में श्रमिकों की नौकरी और रिटायर्ड कर्मचारियों को दवाई के लिए भटकना पड़ जाएगा सबके उपर संकट मंडरा रहा है। संघ एवं समिति ने स्पष्ट रूप से कहा कि वे अस्पताल के निजीकरण और ठेकेदारी प्रथा दोनों का दृढ़ता से विरोध करते हैं। आज की पेशी में अरुंणा, वर्षा, दीप, सुधा, लक्ष्मी यादव, नारायण राव, संजना, भावना, निरा डेहरिया, सारदा मेश्राम, मैरी, कलादास डेहरिया, ब्रम्हा, मीना, मन्नु, पीके सहित सैकड़ों सेक्टरवासी शामिल रहे।



# नेता प्रतिपक्ष को मिला कक्ष, पूजा-अर्चना कर किया औपचारिक प्रवेश

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग में गरिमामय अवसर देखने को मिला। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने निगम परिसर स्थित मोतीलाल वोरा सभागार के नीचे बने अपने कक्ष का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। शुभारंभ अवसर पर नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य देव नारायण चंद्राकर, पार्षद ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, दीपक साहू, भास्कर कुंडले, मनीष कोठारी, पूर्व विधायक अरूण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, आयुष शर्मा, वरुण केवलतनी, प्रेम लता साहू, बिजेंद्र भारद्वाज सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पूजन-अर्चना के पश्चात नेता प्रतिपक्ष श्री कोहले ने उपस्थित अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर अपने कार्य कक्ष की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह स्थान जनता की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान का केंद्र बनेगा। कोहले ने कहा यह कक्ष जनता से संवाद और सहयोग का माध्यम बनेगा। इस अवसर पर उन्होंने महापौर अलका बाघमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निगम परिसर में विपक्ष के लिए कक्ष आबंटित किया जाना लोकतांत्रिक परंपरा का सम्मान है। उन्होंने कहा कि इससे नगर निगम में सकारात्मक संवाद और जनहित के मुद्दों पर बेहतर समन्वय स्थापित होगा। पूजन कार्यक्रम के दौरान धार्मिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी अतिथियों ने शुभकामनाएं दीं।



## खबर संक्षेप

### उर्स पाक आज खेदामारा में

**भिलाई।** जामुल के समीपस्थ ग्राम - खेदामारा (नवातरिया) में मोहम्मदिया यंग कमेटी की ओर से हजरत गुलाब शाह रहमतुल्लाह अलैह का 59वाँ उर्स मुबारक सोमवार 10 नवम्बर को मनाया जा रहा है। इस उर्स मुबारक में पूरे छत्तीसगढ़ से बाबा के चाहने वाले मजारे पाक में शिरकत फरमाकर दुवाए खैर करेंगे। उर्स मुबारक में मुख्य अतिथि डोमन लाल कोर्सेवाड़ा (विधायक अहिवारा विधानसभा) और विशेष अतिथि सरस्वती बंजारे (अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग), जितेन्द्र यादव (सदस्य जिला पंचायत दुर्ग), गोकुल वर्मा (जनपद सदस्य), अनिल बंजारे (ग्राम सरपंच), अमन नारंग (उप सरपंच), राजु भोजक (भा.ज.पा. नेता) शिरकत फरमाऐंगे। सभी जायरीनो के लिये आम लंगर का इंतजाम भी रखा गया है। मोहम्मदिया यंग कमेटी ने शिरकत की गुजारिश की है।

### सामान्य सभा में जनहित की आवाज को बुलंद

**पाटन।** नगर पंचायत पाटन के सामान्य सभा की बैठक में विपक्ष के



साथ साथ भाजपा पार्षदों ने भी अपनी बात सदन की पटल में रखी। नगर पंचायत पाटन के सभापति एवं पार्षद वार्ड क्रमांक-4 नेहा बाबा वर्मा ने सदन के पटल पर जनहित में प्रमुख मुद्दा उठाते हुए वार्ड क्र.04 की विभिन्न गलियों में हुए बी.टी.रोड़ का संधारण कार्य, एस डी, पी जी की राशि से उक्त कार्य को पुनः कराया जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार में विद्युत विभाग को वार्ड कृ. 04 के पोल एवं ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के लिए आवेदन दिया गया था, जिसके पश्चात वार्ड में सर्वे तो किया गया किंतु आज पर्यन्त तक नगर पंचायत पाटन को आबंटन हेतु स्टीमेट प्रदान नहीं किया गया है। उक्त कार्य को शीघ्र करने की मांग की। उन्होंने बताया कि वार्ड क्र. 04 के विद्यार्थी हित में पालकों द्वारा बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु निवेदन का विवरण प्रस्तुत किया एवं छात्र छात्राओं जाति प्रमाण पत्र को शीघ्र अतिशीघ्र बनाने की मांग की। पार्षद एवं सभापति नेहा बाबा वर्मा ने कहा कि वार्ड क्रमांक 5 दशहरा मैदान मे पूर्व स्थित रावण की प्रतिमा को तोडकर नई प्रतिमा स्थापित की गई है जिसने विभिन्न प्रकार कि अनियमितताएं है, जिसकी सूक्ष्मता पूर्वक जांच की मांग की। वार्ड क्र० 4 पाटन रेस्ट हाउस के पीछे के समस्त भूमि का सीमांकन कराकर नगर पंचायत के लिए आरक्षित करने की मांग की।

## 27 नवंबर को पैदल मार्च कर शिक्षामंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन

# संघ ने उठाई शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने की मांग, विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उतई

नवीन शिक्षक संघ ने शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने की मांग उठाई है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि राज्य मे शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिये लगातार मुख्यमंत्री द्वारा पहल की जा रही है। वही नवनियुक्त शिक्षामंत्री भी बेहतर शिक्षा के लिये प्रयासरत है।

शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिये वर्तमान मे छत्तीसगढ़ राज्य मे शिक्षा सत्र 2025-26 को मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष घोषित किया है इसके साथ ही लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्यों मे शिक्षकों को संलग्न नही करने हेतु निर्देश भी जारी किया गया है। लेकिन धरातल पर आकर देखने पर पता चलता है कि शिक्षको को विभिन्न गैर शैक्षणिक कार्यों मे जिला स्तर के अधिकारियो द्वारा संलग्न कर दिया जाता है। जिससे पूरे स्कूल की पढ़ाई व्यवस्था चरमरा जाती है। इसका सीधा नुकसान सरकारी स्कूलो मे पढ़ने वाले छोटे-छोटे विद्यार्थियों को होता है। इस नुकसान की भरपाई किसी भी माध्यम से करना संभव नही है।

जिला शिक्षा अधिकारी को नवीन शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन



सरकारी स्कूलो मे पढ़ने वाले विद्यार्थियों की हित को ध्यान मे रखते हुए पूरे प्रदेश मे नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत के नेतृत्व मे गैर शैक्षणिक कार्यों मे शिक्षकों को संलग्न करने का विरोध किया है। इसी के तहत नवीन शिक्षक संघ जिला इकाई दुर्ग के द्वारा प्रदेश सचिव गिरीश साहू, प्रदेश पदाधिकारी अमितेश तिवारी, उमा जाटव जिलाध्यक्ष ,संजीव मानिकपुरी के नेतृत्व में कलेक्टर व जिला शिक्षाधिकारी दुर्ग को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने की मांग को प्रमुखता से रखी गई है। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि इस संबंध मे जल्दी ही निर्णय नही लेने पर 27 नवंबर को पैदल मार्च कर शिक्षामंत्री को ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रदेश के शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखकर शिक्षा व्यवस्था मे व्यापक सुधार की ओर कदम बढ़ाने का निवेदन करेंगे। जिससे मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान सफल हो सके। शिक्षा के स्तर मे सुधार होने से सरकारी स्कूलो मे पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सीधा लाभ होगा और राज्य शिक्षा के क्षेत्र मे अन्य राज्यों से अग्रणी रहेगा। ज्ञापन सौपने नवीन शिक्षक संघ प्रतिनिधि मंडल मे गिरीश साहु, उमा जाटव, अमितेश तिवारी, संजीव मानिकपुरी, नंदिनी देशमुख,रूपा साहू,संजय मानिकपुरी,दीपक साहू, संजय शर्मा,राकेश धनकर, भूपेंद्र ऊईके,राजेंद्र यादव, प्रमोद कुमार साहू आदि शामिल रहे।

## दीपावली पर्व का जीवंत मंचन किया कुम्हली स्कूल के बच्चों ने



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामागांव आर

छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग के अकादमिक कलेंडर मे निर्धारित शनिवार बेगलेस डे पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी दिशा में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुम्हली के प्रधानपाठक छन्नूलाल साहू ने 8 नवंबर शनिवार को पांच दिवसीय दिपावली महोत्सव का एकीकृत एकदिवसीय आयोजन किया। उन्होंने भारतीय सनातन संस्कृति के वैज्ञानिक महत्व को बच्चों जीवंत रूप में प्रायोगिक ढंग से समझाया। इस पहल में ग्राम पंचायत ग्रामीणों ने स्व स्फूर्त सहभागिता अदा करते हुए कार्यक्रम को कंठ मुक्त सराहा। आयोजन में बच्चों ने पांच दिनों की दीपावली के आयोजनों का मंचन किया। मिडिल स्कूल प्रधान पाठक प्रभा सिंह ने कहा कि ऐसा सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों को एक संपूर्ण जिम्मेदार भावी पारिवारिक मुखिया बनाने की सीख देती है। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक अनेश्वर चंद्राकर, यशोदा नायक,हुषन चंद्राकार, सीमा चंद्राकर, प्रबंधन समिति की अध्यक्ष भुनेश्वरी साहू, सरपंच श्रीमती टिकेश्वरी ठाकुर, उपसरपंच विजय साहू, सांसद प्रतिनिधि मोगन सपहा, जी पी देशमुख, पंच निशा पटेल, मोनिका साहू, आरती साहू, पोरा डहरिया, तिहारू गहरे, पूर्व सरपंच डोमार साहू, धनेश्वर साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भुनेश्वरी साहू,जमूना चंद्राकार, शशिकला चंद्राकार, मिनेश्वरी महिपाल, की सराहनीय भूमिका रही। शिक्षक हुषन चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया।

## गोदना हस्त शिल्प प्रशिक्षण में हिस्सा ले रही महिलाएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

ग्राम पंचायत चिरपोटी दुर्ग ग्रामीण विधान सभा में छत्तीसगढ़ शासन हस्त शिल्प विकास बोर्ड के तत्वावधान में महिलाओं के लिए तीन माह के गोदना हस्त शिल्प प्रशिक्षण का उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी ने किया। अध्यक्षता सरपंच पूजा चंद्राकर ने की। मंडावी ने बताया कि छत्तीसगढ़ हस्त शिल्प विकास बोर्ड के प्रबंधक सी. एस. केहरी के मार्ग दर्शन में महिलाओं को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए गोदना आर्ट प्रशिक्षण तीन माह तक दिया जाएगा एवं प्रशिक्षण के दौरान मानदेय के रूप में प्रति दिन पचास की दर से दिया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। इस अवसर पर भावना साहू, निरुपमा चौहान, हर्षा साहू, उर्वशी कोसरे, दीप्ति साहू, अर्चना जोशी, राखी साहू गोमती साहू सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे। आयोजन में विशेष अतिथि पूर्व सरपंच घना राम साहू, हस्त शिल्प विकास बोर्ड के नीतीश तराने, पूर्व सरपंच महेश्वरी चंद्राकर , हस्त शिल्प विकास बोर्ड गोदना आर्ट के प्रशिक्षिका दिलबसिया पावले, ऋषि अगरिया, समाज सेवक प्रहलाद चंद्राकर, रोजगार सहायक चंद्रभूषण कोसरे थे।

# श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाटन





यहां जारी श्रीमद् भागवत महापुराण में कथावाचक पंडित युवराज पांडे को सुनने ग्रामीण उमड़ रहे है। भक्तों से पूरा पंडाल खचाखच भरा है। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप द्वारा अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय मीना कश्यप की स्मृति में यह कथा आयोजित की गई है। भूपेंद्र कश्यप ने बताया कि मीना कश्यप सदैव धर्म, सेवा और समाजहित के कार्यों में आगे रहती थीं, इसलिए उनकी याद में यह भागवत कथा समाज में भक्ति और सद्भाव फैलाने का एक माध्यम है। कथा के तीसरे दिन पंडित युवराज पांडे ने राजा दक्ष यज्ञ प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे अहंकार और असम्मान के कारण एक यज्ञ सर्वनाश का कारण बन गया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को कभी भी अपने पद, धन या ज्ञान का घमंड नहीं करना चाहिए, क्योंकि यही पतन का कारण बनता है। कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर कथा का रसपान करते रहे।

दासरहा मैदान में कथा के लिए विशाल पंडाल सजाया गया है, और हर दिन सैकड़ों भक्त भक्ति गीतों और प्रवचनों के माध्यम से अध्यात्म में लीन हो रहे हैं। कथा के समापन अवसर पर भव्य भंडारा और पूजा का आयोजन किया जाता है। पाटन का यह आयोजन नगर के लिए धार्मिक उत्सव का रूप ले चुका है, जहां श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता की झलक साफ दिखाई दे रही है।

### श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सागर

**धमधा।** गोबरा (धमधा) में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। यह कथा



3 नवंबर से प्रारंभ होकर 11 नवंबर तक चल रही है। कथा व्यास पंडित मनोज शर्मा (अध्यात्मवेत्ता, भंडारपुर – डोंगरगढ़) हैं, जिन्होंने अपने मधुर वाणी और गूढ़ आध्यात्मिक व्याख्या से श्रोताओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया है। कार्यक्रम का आयोजन स्व. कांति बाई की पावन स्मृति में समस्त अठनगरिया परिवार के तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजक मर्जी राम साहू, डोमार साहू, भुवनेश्वर साहू, बिसेराम साहू, तुलाराम साहू एवं समस्त अठनगरिया परिवार ने बताया कि कथा में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु संगीत मय भागवत रसपान के लिए पहुंच रहे हैं। पं. शर्मा जी ने प्रथम दिवस की कथा में राजा परीक्षित एवं श्रृंगी ऋषि के श्राप प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब तक्षक सर्प के दंश से मृत्यु का समाचार सुनकर भी राजा परीक्षित ने भगवत चिंतन को अपनाया, तब उन्हें भगवत कृपा से मोक्ष की प्राप्ति हुई। उन्होंने कहा — "भागवत कथा का मूल उद्देश्य है — 'पिबत भागवतं समालयम्', अर्थात जब तक शरीर में चेतना है, तब तक भगवान के रस का पान करते रहो।" उन्होंने बताया कि भागवत कथा के माध्यम से ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की प्राप्ति होती है।

## बिजनेस साइट

### दुर्ग का श्री महावीर महाविद्यालय दे रहा है 'रजिस्टर्ड डॉक्टर' बनने का सुनहरा अवसर, नीट की नहीं ज़रूरत

**दुर्ग।** प्राकृतिक चिकित्सा और योग विज्ञान के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए एक बड़ी खबर है। दुर्ग स्थित श्री महावीर प्राकृतिक एवं योग विज्ञान चिकित्सा महाविद्यालय, जिसकी स्थापना वर्ष 2002 में हुई थी, छात्रों को बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंस पाठ्यक्रम में प्रवेश कर रजिस्टर्ड डॉक्टर बनने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। महाविद्यालय जो कि पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय, रायपुर से संबद्ध और नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है, पिछले 23 वर्षों से स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्ट योगदान दे रहा है। यह पांच वर्षीय डॉक्टरेट पाठ्यक्रम आधुनिक चिकित्सा के साथ प्राचीन भारतीय स्वास्थ्य पद्धतियों का समन्वय सिखाता है। इस प्रतिष्ठित पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए नीट परीक्षा की कोई आवश्यकता नहीं है।

छात्र-छात्राएं 10+2 बायोलॉजी ग्रुप में सामान्य वर्ग के लिए 50% और आरक्षित वर्ग के लिए 40% अंकों के साथ सीधे आवेदन कर सकते हैं। प्रति वर्ष 100 सीटें उपलब्ध हैं। बीएनवायएस डिग्री धारकों के लिए रोजगार के कई रास्ते खुलते हैं, जिससे वे समाज में एक रजिस्टर्ड डॉक्टर के रूप में अपनी पहचान बना सकते हैं और स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। छत्तीसगढ़ के जिलों में योग चिकित्सक के शासकीय पदों पर सीधी नियुक्ति। एम्स जैसे बड़े संस्थानों में चिकित्सा अधिकारी के रूप में, या महाविद्यालयों में शिक्षण/प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति। संपूर्ण भारत के केन्द्रीय विद्यालयों में योग शिक्षक। स्वयं का प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग क्लिनिक/हॉस्पिटल खोलकर सफल उद्यमी बनने का मौका। वहीं स्वास्थ्य केन्द्रों, रिसॉर्ट्स और विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं में चिकित्सक या मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद। अन्य राज्यों में भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है।

## मनसा महाविद्यालय में योगा इनसूरिंग फार फिजिकल एण्ड मेंटल वेलनेस विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**भिलाई।** मनसा शिक्षा महाविद्यालय भिलाई में छत्तीसगढ़ आयोग के सहयोग से योगा इनसूरिंग फार फिजिकल एण्ड मेंटल वेलनेस विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सचिव डॉ. भूपेंद्र कुलदीप हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग छत्तीसगढ़ एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर राजीव चौधरी विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर राज गीत द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का पुष्प पौध द्वारा स्वागत कर प्रो. स्मिता सक्सेना प्राचार्य मनसा शिक्षा महाविद्यालय, भिलाई द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। सभी का स्वागत करते हुए उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में भाग दौड़ की इस जिंदगी में कहीं ना कहीं मानव अपनी मूल संस्कृति एवं परंपरा से दूर होते जा रहा है जो कि उसकी मानसिक स्थिति को तनाव से जोड़ना है इस स्थिति से हम किस प्रकार दूर हो सकते हैं और अपने बहुमूल्य जीवन को आगे बढ़ा सकते हैं इन्हीं कड़ियों को ध्यान में रखते हुए इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिससे सभी लाभांवित हो सकें। मनसा शिक्षा महाविद्यालय के संचालक संजीव सक्सेना ने राष्ट्रीय संगोष्ठी के संदर्भ में अपने उद्बोधन में कहा कि संगोष्ठी के माध्यम से ज्ञान का विचारों का आदान-प्रदान जो हम प्राप्त करते हैं वह हम किताबों के माध्यम से नहीं प्राप्त कर सकते साथ ही उन्होंने योग को अपने जीवन शैली में शामिल करने की बात कही उन्होंने कहा कि योग को यदि हम अपने जीवन शैली में शामिल कर लेते हैं तो हमें डॉक्टर की आवश्यकता कम हो जाती है एवं संतुलित जीवन शैली संतुलित आहार सात्विक विचारों से ही हम पूर्ण रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर राजीव चौधरी ने अपने संदेश के माध्यम से अपने उद्बोधन में महाविद्यालय को बधाई दी और कहा कि ज्ञान में योग का महत्वपूर्ण स्थान है योग अग्नि से तपकर मृत्यु तक कभी बुढ़ापे को आने नहीं देता। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी पर प्रकाशित स्मारिका एवं महाविद्यालय के संचालक संजीव सक्सेना द्वारा लिखित पुस्तक 'सरस्वती नदी आर्यावर्त का गौरव' का विमोचन मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी माननीय अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर डॉ. पुष्पा शर्मा द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया।

## दीपावली मिलन में बनी आंदोलन की रूपरेखा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेलूद

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर दीपावली मिलन एवं पदाधिकारी सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के नेता बड़ी संख्या में शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान फेडरेशन द्वारा कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी निश्चितकालीन आंदोलन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि आंदोलन की अंतिम रणनीति फेडरेशन की कोर कमेटी की बैठक में तय की जाएगी। समारोह के दौरान छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पेंशनर्स फोरम के प्रदेश संयोजक बी. पी. शर्मा ने पेंशनरों की ज्वलंत समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए पेंशनरों के हित में लिए गए निर्णयों से अवगत कराया। इसमें प्रदेश में पेंशनर्स सेल की स्थापना तथा 80 वर्ष की आयु के उपरांत पेंशनरों के वेतन निर्धारण से संबंधित निर्णय प्रमुख हैं। उन्होंने पेंशनरों के लिए कैशलेस सुविधा एवं धारा 49(6) के स्थायी समाधान हेतु केंद्र सरकार से पहल करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

■ फेडरेशन ने सर्वसम्मति से निश्चितकालीन आंदोलन करने का लिया निर्णय

इस अवसर पर प्रदेश संयोजक कमल वर्मा ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा फेडरेशन के अब तक के संघर्षों से सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों को अपने अधिकारों की रक्षा और सम्मान के लिए एकजुट होकर संघर्षरत रहना होगा। प्रांतीय संरक्षक सुभाष मिश्रा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न संगठनों के प्रांतीय अध्यक्षों का एक मंच पर आना समय की मांग है। उन्होंने प्रदेश के कर्मचारियों द्वारा फेडरेशन में जताए गए अटूट विश्वास की प्रशंसा की और सभी संगठनों से फेडरेशन के साथ जुड़ने की अपील की।

## नेशनल कमीशन फॉर आयुर्वेद की रैंकिंग में राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा कॉलेज प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (एन.सी.आई.एस.एम) नई दिल्ली द्वारा जारी ताजा रैंकिंग में राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय चंदखुरी, दुर्ग ने एक बार फिर छतीसगढ़ में ग्रेड-बी के साथ पहला स्थान हासिल किया है। संस्थान के प्रबंध संचालक आर. साहू के अनुसार यह उपलब्धि संस्थागत प्रबंधन, शिक्षा की गुणक्ता, शिक्षकों का स्तर, अनुसंधान, रोगी सुरक्षा तथा चिकित्सा का स्तर और सेवा वितरण जैसे मानकों पर श्रेष्ठ प्रदर्शन के कारण मिली है। महाविद्यालय की प्राचार्या ने बताया कि क्वालिटी काउंसिलिग ऑफ इंडिया की जांच में संस्थान ने अपना उत्कृष्ट परिणाम दिए है। राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (एन.सी.आई.एस.एम) की ओर से जारी रैंकिंग में कुल 36 संस्थान ग्रेड ए और 58 संस्थान ग्रेड-बी श्रेणी में शामिल दिए गए हैं। देशभर में राजीव लोचन आयुर्वेद महाविद्यालय चंदखुरी का स्थान 89वां हैं। देश में कुल आयुर्वेद महाविद्यालय की संख्या 550 हैं तथा छतीसगढ़ में 8 आयुर्वेद संस्थान है। पिछले वर्ष 220 संस्थान तथा इस वर्ष 180 संस्थानों की सूची ग्रेड के अनुसार जारी की है। संस्थान में 60 की प्रवेश क्षमता है तथा राज्य का प्रथम निजी आयुर्वेद महाविद्यालय जो 2002 से संचालित हो रहा है।

### सेजस छात्र डोमेश को इसरो भ्रमण के लिए मिला आमंत्रण



**जामगांव आर ।** भारत सरकार द्वारा माई जी ओ वी प्लेटफार्म पर नेशनल स्पेस डे 2025 पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डोमेश ठाकुर ने टॉप 200 में अपना स्थान बनाया। भारत सरकार ने प्रतिभा प्रोत्साहन सम्मान स्वरूप छात्र डोमेश ठाकुर को इसरो भ्रमण कराने आमंत्रण भेजा है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भिलाई का अंडरब्रिज बना पानी का जंजाल, करोड़ों खर्च फिर भी सालभर भरा रहता है घुटनों तक पानी

## जितना पैसा निर्माण में लगा, उससे ज्यादा पानी निकालने में खर्च, फिर भी नतीजा बेअसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई के अधीन चन्द्रा-मौर्या अंडरब्रिज और प्रियदर्शनी परिसर अंडरब्रिज, अब शहर की परेशानी का दूसरा नाम बन चुके हैं। इन दोनों अंडरब्रिजों में सालभर पानी जमा रहता है। जितना पैसा इनके निर्माण पर लगा, उससे ज्यादा रकम अब पानी निकालने में खर्च हो रही है। भिलाई के इन दोनों अंडरब्रिजों की हालत शहर की विकास योजनाओं पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले में कुल 11 अंडरब्रिज हैं। इनमें से 9 रेलवे के अधीन हैं, जबकि चन्द्रा-मौर्या और प्रियदर्शनी अंडरब्रिज की जिम्मेदारी नगर निगम भिलाई की है। रेलवे वाले अंडरब्रिजों में जल निकासी की व्यवस्था पहले से है, लेकिन नगर निगम के अधीन दोनों अंडरब्रिजों में सफाई और जल निकासी का हाल बेहाल है।

### सालभर रहता है जलभराव

पहले पानी सिर्फ बारिश में भरता था, अब तो सालभर घुटनों तक पानी जमा रहता है। इससे लोगों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चलते-चलते बंद हो रहे हैं और पैदल वालों का चलना बंद हो गया है। जानकारी के मुताबिक, चन्द्रा-मौर्या अंडरब्रिज 2002-03 में करीब 2 करोड़ की लागत से बना था। जल निकासी की समस्या दूर करने के लिए नगर निगम ने इसमें अतिरिक्त 7 करोड़ रुपए और झोंक दिए, लेकिन हालात नहीं बदले। शुरुआत में लोगों को राहत मिली, मगर कुछ ही महीनों में यहां भी वही कहानी दोहराई गई।





### अंडरब्रिज बना मुसीबत का सबब, हर दिन गुजरने वाले लोग हो रहे परेशान

दुर्ग और भिलाई के बीच नेशनल हाईवे 53 शहर को दो हिस्सों में बांटता है। इन दोनों हिस्सों को जोड़ने के लिए बनाए गए अंडरब्रिज कभी सुविधा के प्रतीक थे, लेकिन अब ये परेशानी का कारण बन गए हैं। दुर्ग-भिलाई में नेहरू नगर, प्रियदर्शनी परिसर, सुपेला, चंद्रा मौर्या, पावर हाउस और सिरसा गेट जैसे इलाकों में अंडरब्रिज बनाए गए हैं ताकि लोगों को सुगम आवाजाही मिल सके। मगर हकीकत ये है कि रायपुर नाका, प्रियदर्शनी परिसर, चंद्रा मौर्या और सिरसा गेट के अंडरब्रिजों की हालत अब बद से बदतर हो चुकी है। सड़कें टूटी पड़ी हैं, गड्ढों में पानी भरा रहता है। बारिश हो या न हो, अंडरब्रिज में हमेशा पानी जमा मिलता है। चंद्रा मौर्या और प्रियदर्शनी परिसर के अंडरब्रिज में तो हालात इतने खराब हैं कि कई बार वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो जाती है। नगर निगम और विभागों ने कई बार जलनिकासी और मरम्मत का दावा किया, लेकिन नतीजा वही पानी, कीचड़ और बंद पड़ी सड़कें। स्थानीय लोग अब सवाल उठा रहे हैं कि जब करोड़ों रुपये इन परियोजनाओं पर खर्च किए गए, तो आखिर स्थायी समाधान कब मिलेगा? भिलाई-दुर्ग के ये अंडरब्रिज अब विकास की नहीं, लापरवाही की तस्वीर बन गए हैं।

### प्रशासन निकाले स्थायी समाधान



गुप्ता मेडिकल सुपेला के संचालक मनोज गुप्ता ने बताया कि अंडरब्रिज में पानी भरने की समस्या अब लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। यह समस्या नई नहीं है। अंडरब्रिज की निकासी व्यवस्था सुधारने की जरूरत है। प्रशासन से जल्द स्थायी समाधान निकाले।

### व्यापारी और आम जनता परेशान



दीपक बुक सेंटर सुपेला के संचालक रविशंकर गुप्ता ने बताया कि आवागमन में भारी दिक्कतें हो रही है। चन्द्रा-मौर्या अंडरब्रिज में हमेशा पानी जमा रहता है। अब प्रियदर्शनी नगर अंडरब्रिज में भी घुटनों तक पानी जमने लगा है। इससे व्यापारी सहित आम जनता को काफ परेशानी हो रही है।

### निर्माण कार्य चल रहा है

नेशनल हाईवे 53 में ब्रिज निर्माण का काम चल रहा है। इसके लिए नाला को बंद कर दिया गया है। पानी ओव्हरफ्लो होने से वापस रिटर्न मार रहा है। इस कारण प्रयदर्शनी परिसर अंडर ब्रिज में पानी जमा रहा है।ब्रिज निर्माणी कमंनी को चिट्ठी लिख आम जनता को होने वाले परेशानियों से अवगत कराया गया है।

**अजय सिंह राजपूत,**
आयुक्त जोन-1, नगर निगम भिलाई

## खबर संक्षेप



### एसएमएस-2 में कन्वर्टर बी सफलतापूर्वक वेसल परिवर्तन के बाद पुनः चालू

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप–2 कन्वर्टर बी के वेसल परिवर्तन कार्य को पूर्ण कर सफलतापूर्वक पुनः चालू किया गया। यह कार्य 5 सितम्बर को प्रारंभ हुआ था और 8 नवम्बर को संपन्न हुआ। इस कार्य का मुख्य उद्देश्य उत्सर्जन नियंत्रण, परिचालन दक्षता तथा पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप उत्पादन प्रक्रिया की विश्वसनीयता को और सुदृढ़ बनाना था। यह परियोजना तकनीकी दृष्टि से चुनौतीपूर्ण रही, जिसके लिए कन्वर्टर ए और कन्वर्टर सी में नियमित उत्पादन कार्यों के साथ चौबीसों घंटे चलने वाली गतिविधियों के बीच सूक्ष्म समन्वय आवश्यक था।
मुख्य महाप्रबंधक सुशांत कुमार घोषाल व उन्मेष भरद्वाज के पर्यवेक्षण में यह जटिल कार्य सुरक्षित व उत्कृष्ट टीमवर्क से किया गया दिया। परियोजना का क्रियान्वयन एसपीआई. एवं मेकॉन कंसोर्टियम द्वारा परियोजनाएँ, एस.ई.डी., इंस्ट्रूमेंटेशन और एएंडडी विभागों के समन्वय में किया गया। महाप्रबंधक जैकब टी. सिजॉय, के. राजकुमार, जी रविकांत, एसके मलिक, आईबी मिश्रा, महेन्द्र सिंह, जेरी निनान वउप महाप्रबंधक एसके जेरी निनान तथा उप महाप्रबंधक (परियोजनाएँ) एसएस शाक्य योगदान रहा।

## निजी एजेंसी से सर्वे व निजीकरण का बढ़ा चौतरफा विरोध

# जेएलएन अस्पताल के निजीकरण से इलाज महंगा और चिकित्सकों की भी नौकरी होगी खतरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मध्य भारत के सबसे बड़े चिकित्सालय जेलएन अस्पताल सेक्टर 9 के निजीकरण की प्रक्रिया का चौतरफा विरोध किया जा रहा है। विभिन्न यूनियनों,सामाजिक संगठनों, अधिकारी संगठनों और जन प्रतिनिधियों ने बीएसपी से जुड़ी संस्थाओं की मौजूदगी के बाद भी अस्पताल के निजीकरण के लिए बाहर की निजी संस्था से सर्वे कराने के प्रबंधन के निर्णय को अनुचित बताते हुए निजीकरण के फैसले को वापस लेने की मांग की है।ऐसा नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि 90 के दशक में इसके पूर्व भी निजी कंपनी मैकेंजी द्वारा सर्वे कर सेल के तीन टुकड़े की सलाह दी थी। इसके व्यापक विरोध के बाद निर्णय वापस ले लिया गया था। इसी तरह अब फिर भिलाई इस्पात संयंत्र के जेएलएन सेक्टर 9 नौ अस्पताल के बहुराष्ट्रीय कंपनी के सर्वेक्षण और परामर्श के उद्देश से निजीकरण सर्वे कराया गया है। उच्च प्रबंधन द्वारा एक कंसलटेंट एजेंसी से सर्वे कराने के बाद इसने अपनी रिपोर्ट प्रबंधन को सौंप दी है। आगे निजीकरण का फैसला प्रबंधन को लेना है । सीटू यूनियन ने कहा कि सीटू यूनियन ने बीसएसपी के जेएलएन अस्पताल को निजी हाथों में देने के लिए प्रबंधन द्वारा उठाए जा रहे कदम के विरोध में प्रबंधन के बाहरी संस्था द्वारा कंसल्टेशन लेने संबंधी जवाबर का विरोध किया है। यूनियन ने कहा है कि जेएलएन अस्पताल की बेहतरी के लिए कई बार अच्छे सुझाव देने वालीं भिलाई की यूनियनों व आफिसर्स एसोसिएशन को दरकिनार कर अन्य संस्था से सलाह क्यों लिया जा रहा है। सीटू नेता ने कहा कि संयंत्र में कार्यरत विभिन्न यूनियन अलग-अलग समय पर अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुझाव देते रहे हैं । ऑफिसर एसोसिएशन भी कई मौके पर अस्पताल के संदर्भ में अपने सुझाव पेश करते रहे हैं। एमबीबीएस अथवा पोस्ट ग्रेजुएशन के स्तर पर मेंडिकल कॉलेज खोलने, अस्पताल में कंसल्टेशन फीस को कम करने, टेस्टों में होने वाले खर्च को तुलनात्मक रूप से कम करने सहित कई सुझाव लिखित रूप से भी प्रबंधन को दे चुके हैं लेकिन प्रबंधन ने संज्ञान में नहीं लिया और अब किसी बाहरी संस्था को बुलाकर उसे लाखों लाख रुपया फीस देकर सलाह मांग रहा है कि हम अपने सार्वजनिक क्षेत्र की बेहतरीन अस्पताल को कैसे संचालित करें। या हम अपने अस्पताल को निजीकरण के रास्ते में धकेलें। यूनियन ने कहा कि अस्पताल की बेहतरी के लिए अस्पताल प्रबंधन अब तक सीटू के पूर्व मांगपत्र का जवाब नहीं दिया है।

### निर्णय वापस नहीं लेने पर आंदोलन की चेतावनी



### मैकेंन्सी का भी हुआ था व्यापक विरोध

सीटू ने बताया कि बहुत पहले जब सेल पर घाटे के बादल मंडरा रहे थे तब सेल प्रबंधन ने 1999 में मैकेंन्सी नाम की एक कंसल्टेंसी फर्म को बुलाया था, जिसका एन जे सी एस द्वारा जबरदस्त विरोध किया गया था उस परामर्श संस्था नें सेल को सलाह दिया था कि सेल को लॉन्ग प्रोडक्ट एवं फ्लैट प्रोडक्ट के रूप मे दो टुकड़ों में तोड़ दो। इसमें भिलाई और दुर्गापुर लॉन्ग प्रोडक्ट यूनिट होंगे तथा बोकारो और राउरकेला फ्लैट प्रोडक्ट यूनिट होंगे सलाह दी थी, जिसका जबरदस्त विरोध हुआ । सेल को तोड़ने का प्रयास अधूरा रह गया।

### रिटायर कर्मचारियों की भी बढ़ेगी परेशानी

बीएसपी वर्कर्स यूनियन के मुताबिक सेक्टर 9 में एक मल्टीनेशनल परामर्शदाता कंपनी द्वारा निजीकरण के उद्देश्य से किए जा रहे सर्वे अनुचित है। यह सर्वे कथित रूप से सेवाओं में सुधार और प्रबंधन की दक्षता के नाम पर किया जा रहा है, परंतु वास्तविकता में यह अस्पताल को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी प्रतीत होती है। यूनियन के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने कहा कि यह अस्पताल न केवल संयंत्र के नियमित कर्मचारियों, रिटायर कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवारों के लिए जीवनरेखा हैं। इसके अलावा आसपास के हजारों स्थानीय नागरिकों को भी सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा प्रदान करता हैं।यदि इस अस्पताल का निजीकरण किया गया तो हजारों कर्मचारी एवं उनके आश्रित परिवारों के अलावा गरीब और श्रमिक वर्ग चिकित्सा सुविधा से वंचित हो जाएगा। बीएसपी कर्मचारियों पर और गरीब मजदूर श्रमिकों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। संयंत्र में कार्यरत नियमित एवं सेवानिवृत्ति कर्मचारियों पर और गरीब मजदूर व इस अस्पताल पर आश्रित सैकड़ों लोगों निजीकरण होने से इलाज महंगा हो जाएगा। सस्ता इलाज आम आदमी की पहुंच से दूर हो जाएगा। वर्षों से सेवा कर रहे चिकित्सक औ सहायक चिकित्सा कर्मियों की नौकरी असुरक्षित हो जाएगी। यूनियन ने मल्टीनेशनल कंपनी द्वारा किए जा रहे निजीकरण सर्वे को तत्काल रोक लगाने के साथ किसी भी नीति परिवर्तन से पहले कर्मचारियों और यूनियन से चर्चा करने व सरकार या सार्वजनिक नियंत्रण में रखकर सुधार की कराने मांग की है। ऐसा नहीं किए जाने पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

## चंडी शीतला मंडल की बैठक में एसआईआर की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

चंडी शीतला मंडल में मंडल के अध्यक्ष कमलेश फेकर की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की बैठक हुई। जिला उपाध्यक्ष एवं दुर्ग शहर विधानसभा बीएल-1 शिवेंद्र परिहार एसआईआर से संबंधित जानकारी दी। पश्चात जिला उपाध्यक्ष एवं एसआईआर की मंडल प्रभारी सरिता मिश्रा ने दिशा निर्देश की जानकारी दी। जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने संगठन की कार्यप्रणाली से एसआईआर को कैसे सफल बनाना है इस बारे महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किए। मंडल महामंत्री नवीन साहू ने इअतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। मंच संचालन महामंत्री एवं छाया पार्षद अमित पटेल ने किया।

बैठक में जिला महामंत्री विनोद अरोरा, जिला कार्यालय मंत्री आसिफ अली सैयद, जिला प्रवक्ता दिनेश देवांगन, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, भाजपा वरिष्ठ शंभू पटेल, जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष रूपेश्वरी साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय ताम्रकार, पार्षद एवं एमआईसी प्रभारी नरेंद्र बंजारे, नीलेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# बीएसपी में अल्प वेतन व संसाधनों में काम कर रहे ठेका मजदूर, 50 लाख दुर्घटना बीमा की मांग

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में काम करने वाले हजारों ठेका मजदूर अल्प वेतन और और कमतर सुरक्षा संसाधनो के बीच काम करते हैं। इसके चलते कार्य के दौरान जीवन जोखिम में रहता है। इसे देखते हुए यूनियनों ने मजदूरों को दुर्घटना बीमा बीस लाख से बढ़ाकर 50 लाख करने प्रबंधन पर दबाव बनाना शुरु कर दिया है।

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन (इंटक) द्वारा बीएसपी के निदेशक प्रभारी के नाम से महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध एवं ठेका प्रकोष्ठ के विकास चंद्र को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बीएसपी के सभी ठेका श्रमिकों के लिए 50 लाख रुपये का सामूहिक दुर्घटना बीमा करवाने की मांग की है।यूनियन यूनियन प्रतिनिधियों ने बताया कि बीएसपी ठेकेदार संघ, बीएसपी प्रबंधन और स्टील ठेका श्रमिक यूनियन (इंटक) के संयुक्त प्रयासों से पूर्व में 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा योजना ठेका श्रमिकों के लिए लागू की गई थी, जिसका लाभ अब श्रमिकों को मिलने लगा है।यूनियन ने कहा कि श्रमिकों एवं उनके परिवारों को दुर्घटना की स्थिति में अधिक आर्थिक सुरक्षा एवं सामाजिक स्थिरता प्रदान करने के उद्देश्य से बीमा राशि को बढ़ाकर 50 लाख रुपये किया जाना आवश्यक है।

### मिला आश्वासन

बैठक में ठेका श्रमिकों के शोषण रोकने एवं उनके लिए बेहतर वेतन प्रणाली लागू करने पर भी चर्चा की गई।इस अवसर पर महाप्रबंधक विकास चंद्र ने कहा कि 50 लाख के बीमा प्रस्ताव पर उच्च प्रबंधन एवं बीएसपी ठेकेदार संगठन के साथ चर्चा की जाएगी।बैठक में यूनियन के पदाधिकारी संजय साहू, सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह सार्वा, आर दिनेश एवं गुरुदेव साहू उपस्थित थे।

# अफसर की हत्या के मामले में आरोपी बरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- 8 महीने बाद जेल में हुआ रिहा

भिलाई में जामुल थाना अंतर्गत संचालित अडाणी एसीसी सीमेंट फैक्ट्री में 8 महीने पहले वहां के कोल हैंडलिंग प्लांट के एचओडी आर बालाराजू की खून से लतपथ लाश मिली थी। इस मामले में जामुल पुलिस ने वहां के मैकेनिकल इंजीनियर और सीएचपी इंचार्ज संजय तिवारी को हत्या का आरोपी बनाते हुए जेल भेज दिया था। न्यायालय ने सबूतों के अभाव में हत्या को दुर्घटना बताया और आरोपी संजय तिवारी को निर्दोष साबित करते हुए बाइज्जत बरी कर दिया। मामले से बरी होने के बाद संजय तिवारी ने कहा कि न्यायालय से उसे न्याय मिला है। उसे बाइज्जत बरी कर दिया गया है, लेकिन जेल जाने के बाद इन आठ महीनों में उसकी पूरी जिंदगी बदल गई है। पत्नी ने उसका साथ छोड़ दिया। वो उसे छोड़कर चली गई। कंपनी से नौकरी चली गई। समाज ने भी उसे छोड़ दिया। संजय तिवारी ने कहा कि यदि पुलिस सही जांच करती तो उसके साथ ये नहीं होता। इसमें उसका कोई दोष नहीं है।

### पुलिस ने जल्दबाजी में की कार्रवाई

कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कई ऐसा साक्ष्य पाए जिससे यह पाया गया कि पुलिस ने इस मामले में जल्दबाजी में कार्रवाई की और संजय तिवारी को हत्या का आरोपी बना डाला। पुलिस ने संजय को आरोपी बनाते समय तर्क दिया था कि संजय का बालाराजू से विवाद हुआ था और उसकी शर्ट पर खून के छीटे थे। 4 जून 2024 को पुलिस संजय तिवारी को घटनास्थल लेकर पहुंची थी। पुलिस ने बताया कि बालाराजू की मौत सिर पर चोट लगने से हुई है। पुलिस ने घटनास्थल से एक प्लास्टिक के डब्बे में खून, वहां की मिट्टी, फाइबर पाइप का टुकड़ा, मृतक का सफेद रंग का हेलमेट जब्त किया था। जबकि डॉक्टर की रिपोर्ट में हेलमेट कहीं से क्षतिग्रस्त नहीं था। अगर गिरने से सिर में चोट आई ती हेलमेट क्षतिग्रस्त होता। पुलिस ने दावा किया था कि आरोपी के शर्ट पर खून के निशान हैं, जबिक उसके कपड़े से कोई खून के निशान नहीं मिले। वहीं जिस हथौड़े को मर्डर वेपन बताया गया उसमें भी खून के निशान नहीं मिले। पोर्ट मार्टम रिपोर्ट में बताया गया कि बालाराजू की मौत सिर में चोट और अधिक खून बहने के कारण हुई थी, लेकिन ऐसी चोटें ऊंचाई से गिरने पर भी आ सकती है।

## भिलाई इस्पात संयंत्र में टीम वर्क से मिली सफलता

# बीएसपी ने हर क्षेत्र में रचा उत्पादन का सर्वश्रेष्ठ कीर्तिमान, रेल का बढ़ा उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहले सात माह (अप्रैल से अक्टूबर) के दौरान उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किए हैं। हॉट मेटल,क्रूड स्टील,सेलेबल स्टील और रेल उत्पादन व रेल लोडिंग सहित प्रमुख क्षेत्रों में अपने पिछले रिकॉर्डों को पार करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

ब्लास्ट फर्नेस-8 ने 16,27,246 टन हॉट मेटल का उत्पादन कर वित्त वर्ष 2024-25 के इसी अवधि में दर्ज 15,85,796 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार किया। रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने लॉन्ग रेल उत्पादन के क्षेत्र में 13 वर्ष पूर्व के रिकॉर्ड को पार किया। है। 1,03,661 टन उत्पादन दर्ज करते हुए वित्त वर्ष 2012-13 में दर्ज 88,072 टन के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। वहीं यूआरएम ने इस अवधि में 5,55,856 टन फिनिश्ड रेल, 5,35,414 टन प्राइम रेल तथा 5,18,056 टन लॉंग रेल उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज करते हुए क्रमशः वित्त वर्ष 2024-25 के इसी अवधि में दर्ज 5,15,744 टन फिनिश्ड रेल, 4,88,445 टन प्राइम रेल तथा वर्ष 2023-24 में दर्ज 4,54,059 टन लॉंग रेल उत्पादन रिकॉर्ड को पार किया। इसी क्रम में कुल फिनिश्ड रेल उत्पादन 8,33,422 टन तथा कुल प्राइम रेल उत्पादन 7,62,652 टन दर्ज किया गया।



### 27,29,269 टन फिनिश्ड स्टील का हुआ उत्पादन

सभी फिनिशिंग मिलों ने मिलकर वित्त वर्ष में 27,49,741 टन फिनिश्ड स्टील उत्पादन किया जो वर्ष 2024-25 में दर्ज 27,29,269 टन से अधिक है। संयंत्र ने 31,66,980 टन सेलेबल स्टील उत्पादन कर वर्ष 2023-24 में दर्ज 30,26,672 टन के रिकॉर्ड को पार किया। संयंत्र ने कुल क्रूड स्टील उत्पादन 33,39,021 टन दर्ज करते हुए वित्त वर्ष 2023-24 के 32,96,837 टन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, एसएमएस-3 ने कुल इस्पात उत्पादन के साथ इसी अवधि में सर्वश्रेष्ठ कास्ट स्टील उत्पादन 20,46,028 टन तथा बिलेट उत्पादन 13,91,193 टन का रिकॉर्ड बनाया है, जो कि वर्ष 2024-25 में दर्ज किए गए 20,04,640 टन कास्ट स्टील और 13,39,079 टन बिलेट उत्पादन रिकॉर्ड से अधिक है।

### आरएसएम और यूआरएम का सर्वश्रेष्ठ डिस्पैच

रेल डिस्पैच के क्षेत्र में आरएसएम और यूआरएम ने लॉन्ग रेल लोडिंग का रिकॉर्ड बनाया। आरएसएम से 1,02,553 टन और यूआरएम से 5,31,445 टन लोडिंग रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। कुल लॉन्ग रेल लोडिंग 6,33,998 टन दर्ज किया गया। सेलेबल स्टील लोडिंग 31,94,329 टन दर्ज किया गया, जो कि वर्ष 2023-24 में दर्ज 29,89,466 टन से कहीं अधिक है। ब्लास्ट फर्नेसों ने हॉट मेटल के उत्पादन में 428 किलोग्राम प्रति टन कोक दर प्राप्त किया जो वर्ष 2024-25 में दर्ज किए गए 433 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल (टीएचएम) से बेहतर है।

स्वामी जी 93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
26 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 10 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



04

दिखाना है जलवा तो पहन सकती हैं इस तरह की डिजाइनर साड़ियां

## लाइव इवेंट

### अधिकार नहीं कर्तव्य का भी पालन जरूरी, डिजिटल अरेस्ट की दी जानकारी



**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में लॉ डिपार्टमेंट के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा विधिक जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। मुख्य वक्ता जिलाविधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि सीनियर सिविल जज द्विजेंद्र नाथ ठाकुर और विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ए के झा उपस्थित थे। श्री ठाकुर ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता अभियान की आज महती आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि साइबर ठगी के साथ साथ पारिवारिक संपत्ति विवाद, उपभोक्ता प्रकरण की संख्या बढ़ रही है और विधिक जानकारी के अभाव में लोग बेवजह शिकार हो रहे हैं।

■ शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में विधिक जागरुकता कार्यक्रम

यह अभियान केवल विधि के ही विधार्थियों के लिए नहीं हर विद्यार्थी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि इसमें अधिकतर पढ़े लिखे लोग ही शिकार हो रहे है। अपराधी लोगों की निजी जानकारी और सामाजिक जीवन को प्रभावित करने की धमकी से ठगी करते हैं। पारिवारिक और संपत्ति विवाद भी कानून की जानकारी नहीं होने के कारण होती है। जहां पर अधिक भरोसा है वहीं इस प्रकार के विवाद दृष्टिगत होते है जिसके पीछे विधि सम्मत जानकारी का अभाव ही है।संपत्ति का बंटवारा यदि कानून,हस्ताक्षरित हो तो विवाद नहीं होगा। उन्होंने वाहन खरीदी बिक्री, भवन भूमि क्रय-विक्रय के समय सतर्क रहने और विधानुकूल दस्तावेज तैयार करने को आवश्यक बताया। इस अवसर पर विधि सहायता हैंड बुक का विमोचन भी किया गया। जिसमें जन सामान्य के लिए मूलभूत कानून,महिला एवं बच्चों की सुरक्षा,श्रमिक विधि,उपभोक्ता कानून,साइबर सुरक्षा कानून के संबंध में जानकारी दी गई है। विधार्थियों ने वक्ताओं से प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा को शांत किया।कार्यक्रम में डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ श्रुति तिवारी, विधि विभाग के विभागाध्यक्ष आयुष झा, डॉ विनय पीतांबरांम के साथ ही बड़ी संख्या में प्राध्यापक,विद्यार्थी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन पूजा ठाकुर ने किया।



● तीन दिवसीय स्काउट्स एवं गाइड्स रैली का समापन समारोह

# 200 विद्यार्थियों ने सीखे आत्मनिर्भरता, साहस और टीम भावना के गुर नेतृत्व कौशल के साथ समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण की ली शपथ

**भिलाई। भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट्स एवं गाइड्स रैली में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने जीवन में चरित्र निर्माण, सेवा भावना को विकसित कर अनुशासन, टीमवर्क और आत्मनिर्भरता के गुर सीखे। तीन दिनों तक चले प्रशिक्षण के दौरान स्काउट–गाइड ने अलग-अलग कार्यशालाओं में सक्रिय भागीदारी निभाई।समापन पर सभी को समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। समापन अवसर पर श्रेष्ठ स्काउट, श्रेष्ठ गाइड और श्रेष्ठ टुकड़ी सहित विभिन्न प्रतियोगिता में विजेताओं को को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। यह रैली भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ, भिलाई और भिलाई इस्पात संयंत्र, शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी, जिसमें 9 विद्यालयों की 12 टुकड़ियों के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी थीं। कार्यक्रम में महाप्रबंधक शिक्षा एवं मुख्य जिला आयुक्त स्काउट्स-गाइड्स शिखा दूबे ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए तंबुओं, रंगोली और हस्तकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया।कार्यक्रम के आरंभ में जिला आयुक्त स्काउट एवं प्राचार्य भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 विजय सिंह पवार ने शिविर गतिविधियों पर आधारित विस्तृत पावर पॉइंट प्रस्तुति दी।**








### राष्ट्रगान के साथ हुआ समारोह का समापन



### प्रगतिशील राष्ट्र की नींव है स्काउटिंग एवं गाइडिंग

समापन समारोह में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. विनीता द्विवेदी ने कहा कि स्काउटिंग एवं गाइडिंग जीवन निर्माण की वास्तविक प्रयोगशाला है। इसके सिद्धांत विद्यार्थी जीवन में चरित्र, अनुशासन और सेवा भावना को विकसित करते हैं, जो एक सुदृढ़ समाज और प्रगतिशील राष्ट्र की नींव हैं।मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी स्काउट्स एवं गाइड्स को पुरस्कार वितरित किए गए और श्रेष्ठ स्काउट, श्रेष्ठ गाइड और श्रेष्ठ टुकड़ी को सम्मानित किया गया।

### तीनों दिन हुई कई प्रतियोगिताएं

तीन दिवसीय इस शिविर में स्काउट्स एवं गाइड्स ने न्यूनतम संसाधनों में जीवन यापन के साथ-साथ विभिन्न जीवनोपयोगी प्रतियोगिताओं में अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन किया। शिविर के पहले दिन स्काउट-गाइड प्रार्थना, नियम-प्रतिज्ञा, गांठ, लाठी द्वारा पायनियरिंग, स्मृति परीक्षण और कलर पार्टी परेड की प्रतियोगिताएं हुईं। दूसरे दिन कुकिंग, समूह नृत्य, बी.पी.-6, श्रेष्ठ स्काउट एवं गाइड चयन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। तीसरे दिन प्राथमिक उपचार, रंगोली, हस्तकला और तंबू निर्माण की प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन के लिए निर्णायकों में नीता चौरसिया, केशरीन बेग, शकुन्तला द्विवेदी, सुमन साहू और अनिकेष घोष को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**राष्ट्र निर्माण के युवा करें योगदान** : इस अवसर पर महाप्रबंधक शिक्षा शिखा दूबे ने स्काउट्स एवं गाइड्स को शुभकामनायें देते हुए कहा कि यह केवल समापन नहीं, बल्कि नई शुरुआत का क्षण है उन उत्कृष्ट व्यक्तित्वों के उदय का, जिन्होंने अनुशासन, टीमवर्क और आत्मनिर्भरता की भावना को अपनाया है। उन्होंने प्रतिभागियों से इन मूल्यों को जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया।

स्काउट-गाइड परंपरा के अनुसार ध्वजावतरण कर आयोजन का समापन किया गया। जिसमें ध्वज मुख्य अतिथि के हाथों से जिला मुख्य आयुक्त स्काउट्स गाइड्स को सौंपा गया और राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक शिक्षा मनीष तिवारी और शिक्षक शीतल चंद्र शर्मा और आभार व्यक्त जिला आयुक्त गाइड एवं प्राचार्य, बी.एस.पी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 सुमिता सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया। रैली के संयोजक डी.ओ.सी. गाइड कीर्ति लता देशमुख और डीटीसी स्काउट सत्यनारायण साहू थे। पुराने स्काउट-गाइड समूह के रोवर और रेंजर्स ने अपने परिश्रम से शिविर में विद्यार्थियों को जीवन की एक नई गति प्रदान करी। इस अवसर पर बी.एस.पी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7 प्राचार्य रूबी बर्मन रॉय, कन्या उमा शाला सेक्टर-11 प्राचार्या उर्वशी साहू और कोषाध्यक्ष स्काउट्स गाइड्स, जिला सचिव सरिता शाक्य भिलाई विद्यालय सेक्टर-2, उप प्रबंधक शिक्षा वी.आर. कटियार, उप प्रबंधक शिक्षा अशोक सिंह और विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। समापन अवसर पर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-11 की गाइड्स तथा भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 की गाइड्स दवरा शानदार नृत्यों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं, वहीं ई.एम.एम.एस. सेक्टर-6 और सेक्टर-9 की टुकड़ियों ने म्यूजिकल ड्रिल का प्रदर्शन किया।

# कला मंदिर में नादब्रह्म द्वारा डॉ. हेडगेवार की जीवनी पर किया गया नाट्य मंचन

**भिलाई।** कला मंदिर सिविक सेंटर में छत्तीसगढ़ क्लाउड एवं संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ के सौजन्य से नादब्रह्म की प्रस्तुति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आद्य सरसंघचालक युग प्रवर्तक डॉ. हेडगेवार संघ सृजन का नाट्य अविष्कार का कार्यक्रम कला मंदिर सिविक सेंटर में आयोजित किया गया। इसमें डॉ. हेगेवार का सम्पूर्ण जीवन चरित का नाट्य मंचन किया गया। यह नाट्य मंच नादब्रह्म जो कि नागपुर की नाट्यमंच की संस्था है।आयोजन छतीसगढ़ क्लाउड के द्वारा संस्कृति विभाग के सौजन्य से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, संसद विजय बघेल, विधायक डोमनलाल कोरसेवाड़ा, जिला संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गंगाधर जाधव, प्रांत के सहकार्यवाह धनश्याम, भाजपा के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, सुरेंद्र कौशिक प्रमुख रूप से मौजूद थे।









# जिला स्तरीय संसद स्पर्धा में युवाओं ने दिखाया जोश

**भिलाई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंदखुरी में युवा संसद जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सेजस चंदखुरी, सेजस अमलेश्वर, सेजस धमधा की टीमों ने भाग लिया। संसद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमलेश्वर की टीम ने प्राप्त किया। इस मौके पर उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी बच्चों को भविष्य के लिए बधाइयां दी और संसद में होने वाले हर एक पहलुओं की जानकारी बारीकी से दी। इस अवसर पर सहायक संचालक सीमा नायक, बीआरसी श्रवण सिन्हा, यूआरसी नेम सिंह साहू, बीआरसी पाटन, एबीईओ रश्मि ठाकुर विशेष रुप से उपस्थित रही। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में प्राचार्य पुलगांव, प्राचार्य अंडा, व्याख्याता और नोडल अधिकारी शिखा मिश्रा, सह नोडल अधिकारी, संकुल समन्वयक त्रिभुवन सिंह देशमुख, व्याख्याता रश्मि पाठक उपस्थित रही।

## सिटी इवेंट

### युवा करेंगे अपना सर्वांगीण विकास, एमओयू में हुए हस्ताक्षर



**भिलाई।** युवाओं में सामाजिक और भावनात्मक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय सहयोग के लिए जीई फाउंडेशन ने सेंट थॉमस कॉलेज रूआबांधा के साथ अपने एमओयू को अगले 5 साल के लिए विस्तारित किया है। फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई और सेंट थॉमस कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शाइनी मेंडोंसा ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। फाउंडेशन की ओर से पिल्लई ने बताया कि यह एमओयू सामाजिक और भावनात्मक विकास कार्यक्रम एसईडीपी के अंतर्गत विस्तारित किया गया है। इसका मुख्य लक्ष्य दोनों संगठन के बीच सहयोगात्मक साझेदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इस एमओयू के माध्यम से फाउंडेशन कॉलेज के स्टूडेंट व स्टाफ में सक्रिय रूप से सीखने की प्रक्रिया को गति देने का कार्य करेगा, जिससे युवा एक सामुदायिक वातावरण में विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के साथ-साथ शैक्षणिक रूप से अपना बहुमुखी विकास कर सके। पिल्लई ने बताया कि सेंट थॉमस कॉलेज के साथ 5 वर्ष पूर्व यह एमओयू पहली बार किया गया था, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए। इनमें कॉलेज के युवा जी सुपोषण, निःशक्तजनों और मानसिक दिव्यांगजनों से जुड़ी साल भर निरंतर चलने वाली विभिन्न गतिविधियों में अपनी सक्रिय भागीदारी दे रहे हैं। इससे युवाओं को सामुदायिक परिवेश में सेवाकार्य के माध्यम से खुद का शैक्षणिक और सामाजिक विकास करने का अवसर मिल रहा है। इसके उत्साहजनक परिणाम को देखते हुए दोनों संस्थानों ने इस एमओयू को अगले 5 वर्ष के लिए विस्तारित करने का निर्णय लिया था। इसके अनुरूप एमओयू पर हस्तारक्षर किए गए हैं। इस अवसर पर जीई फाउंडेशन की ओर से महासचिव के. वी. विनोद और सदस्य प्रकाश देशमुख तथा सेंट थॉमस कॉलेज की ओर से वनस्पति शास्त्र विभाग प्रमुख डॉ. ज्योति बख्शी उपस्थित थे।



## गुड पेरेंटिंग के कर्तव्यों से कार्यशाला में कराया अवगत

# बच्चों को मोबाइल से दूर रखने उनके साथ ज्यादा समय बिताएं और उनको प्रोत्साहित कर हार स्वीकारने की दें सीख, गलती पर तुरंत करें दण्डित

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में पालकों के लिए गुड पेरेटिंग अच्छे पालकों का कर्तव्य विषय पर रविवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान आज के व्यस्ततम समय और कामकाजी पालकों की समस्या सहित बच्चों के लालन-पालन में उनकी भागीदारिता पर चर्चा की गई। वर्तमान में मोबाइल सिड्रोंम से बच्चों को भी बचाने और पालकों को खुद उससे दूर रहकर बच्चों के साथ समय बिताने की बातें कही। छोटी तकनीकों के क्रियान्वयन कर अच्छे पालकों के कार्यभार से अवगत कराया गया।कार्यशाला के शुरुआत मुख्य अतिथि प्रवीण पृथी का स्वागत संगीता शाजी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। सुबह 10 बजे शुरु हुई कार्यशाला में प्रवीण पृथी ने आज के व्यस्त और कामकाजी पालकों की समस्या एवं बच्चों के लालन-पालन में उनकी भागीदारिता विषय पर चर्चा की। साथ ही छोटी तकनीकों के क्रियान्वयन कर अच्छे पालकों के कार्यभार से अवगत कराया।



### बच्चों का विकास करने नए पाठ्यक्रमों का समावेश

कार्यशाला के अगले सत्र में निदेशिका पुनीता ने विद्यालय द्वारा बच्चों के विकास के लिए कई नये कार्यक्रमों एवं पाठ्यक्रमों को समावेश करने की जानकारी दी। नए पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक बच्चे को मंच पर आने का अवसर प्रदान करना, बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें अनुशासित कर अच्छे आचरण, खान-पान, व्यावहारिक ज्ञान, खेल-कूद के महत्व को नियमित पाठ्य क्रम में लाने, हर तीन महीनों में कार्यशाला का आयोजन करने, पालकों द्वारा अपेक्षित प्रत्येक क्षेत्र पर सकारात्मत कार्य करने, बच्चों के लिये विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ स्थान बनाने जहां आकर बच्चे को सबसे ज्यादा ख़ुशी महसूस हो सके इस बात का ध्यान रखा जायेगा। अच्छे शिक्षा पद्धति के कारण पालकों द्वारा बच्चों को ट्यूशन न भेजना पड़े इस बात का विशेष ध्यान रखा जायेगा।कार्यशाला के अंत में पालकों ने विशेषज्ञों से कुछ प्रश्न पूछें और जिसका उत्तर दिया साथ ही पालकों की समस्याओं का समाधान और सुझाव भी बताए गए। बहुमुखी प्रतिभा के धनी पालकों को स्वेच्छा से अपनी सेवाएं देने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। अंत मे प्राथमिक स्तर समन्वियका सपना चौधरी ने स्कूल के अन्य गतिविधियों से अवगत कराया।

### बच्चों के विकास में अच्छे मूल्यों का करें सिंचन

प्रवीण पृथी ने अपने 30 वर्षों से अधिक अनुभव और वृहद दृष्टिकोण के साथ सभा को सम्बोधित करते हुए अपनी कार्यशाला का नाम जॉयस पेरेंटिंग भाव के साथ अपनी कार्यशाला की शुरुआत की। सटिक उदाहरणों के साथ उन्होंने शिक्षक एवं पालकों को क्या करना चाहिए बताया। बच्चों के विकास के लिए विद्यालय के साथ पालकों एवं शिक्षकों की भागीदारिता को महत्व दिया। उन्होंने पालकों को भी बच्चों को मोबाइल ना देने और स्वयं भी न देखने की बातें कही। बच्चों के संग माता-पिता और शिक्षक एक माली की तरह कार्य करते हैं, जो बालक के विकास में खाद-पानी यानी अच्छे मूल्यों का सिंचन करें। प्रवीण पृथी ने बच्चों की हमेशा उत्साहवर्धन कर उनको हार को भी स्वीकार करने की सीख देने एवं गलती करने पर तुरंत दण्डित करने की भी बात कही।



**सिटी इवेंट**

## एसोसिएशन और प्रबंधन के बीच हुई त्रैमासिक बैठक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र एस.सी, एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन अध्यक्ष फेडरेशन के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद के नेतृत्व में लाईजन ऑफिसर रोहित हरित सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन आयरन जोन के बीच त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने लाईजन आफिसर रोहित हरित को ज्ञापन सौंपे जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित सेक्टर-9 अस्पताल निजी एजेंसी द्वारा सर्वे कराये जाने को लेकर कर्मचारियों व अधिकारियों के बीच चिंता देखने को मिल रहा है।अस्पताल को निजी हाथों में सौंपने की बजाय अपने एम्पलाइज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए अपग्रेड किया जाने और विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सों, फार्मासिस्टों और अन्य स्टॉफ की भर्ती सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। इस सन्दर्भ मे एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति को पत्र लिखा जायेगा। 26 नवम्बर को सेक्टर-5 में चयनित जगह पर बाबा साहेब अम्बेडकर संग्रहालय व पुस्तकालय का शिलान्यास उच्च प्रवंधन, एसोसिएशन एवं कर्मचारियों व अधिकारियो की उपस्थिति मे भव्य समारोह आयोजित कर किया जायेगा। एसोसिएशन के अम्बेडकर भवन व कार्यालय पर निर्णय हो चुका है आगामी सप्ताह मे भवन व कार्यालय एसोसिएशन को सौंपा जायेगा। बैठक में एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष कोमल प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा, उपाध्यक्ष कुमार भारद्वाज, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, शशांक प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार खेलवार, जोनल सचिव, संत ज्ञानेश्वर गायकवाड, कालीदास बघेल, उत्तम मंडावी, कुंज लाल ठाकुर, यशवंत नेताम, उप कोषाध्यक्ष नरेश चंद, कार्यकारिणी सदस्य जितेन्द्र कुमार भारती उपस्थित थे।



**देवांगन समाज ने कुलदेवी मां परमेश्वरी कला रत्न अलंकरण की शुरुआत**

# समाज के पुरोधा हमारे अमूल्य धरोहर, उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन ही सच्चे पथ-प्रदर्शक

भिलाई। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के तत्वावधान में परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में आयोजित देवांगन नाईट सांस्कृतिक महोत्सव में समाजिक उत्थान, कल्याण एवं संगठन में विशिष्ट योगदान देने वाले समाज सेवियों, दानदाताओं एवं विशिष्ट प्रतिभाओं को देवांगन समाज के पुरोधाओं के नाम पर स्थापित सामाजिक अलंकरण प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में समाज की प्रतिभाओं को बड़ा मंच प्रदान करते हुए सभी उम्र के लोगों के लिए गीत-संगीत, नृत्य, वाद्ययंत्र वादन, चित्र कला, निबंध लेखन, रंगोली, मेंहदी रचाओ आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में नन्ही बालिका सान्वी देवांगन, पूर्वी देवांगन एवं रूपाली देवांगन द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य ने खूब वाहवाही बटोरी। इस अवसर पर 20 सामाजिक विभूतियों को सम्मानित किया गया।





### देवांगन नाइट सांस्कृतिक समारोह में दिखी प्रतिभाएं

इस अवसर पर समाज के 25 कलाकारों ने नृत्य, गीत, संगीत आदि प्रस्तुत कर समां बांधा। बच्चों के लिए चित्र कला, निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया था। जिसका दर्शक देर रात तक गीत-संगीत का आनंद उठाते रहे। समारोह के आरंभ में समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि देवांगन नाईट सांस्कृतिक समारोह के आयोजन का उद्देश्य समाज की छुपी हुई प्रतिभाओं को बड़ा मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित एवं सम्मानित करना है। उन्होंने कहा कि हमारे पुरोधा समाज की अमूल्य धरोहर है। उनकी प्रेरणा एवं मार्गदर्शन ही हमारे सच्चे पथ-प्रदर्शक है। इसलिए समाजसेवा, कला, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाज सेवियों एवं प्रतिभाओं को देवांगन समाज के पुरोधाओं के नाम पर स्थापित सामाजिक अलंकरण प्रदान कर सम्मानित किया गया।



**परमेश्वरी कला रत्न अलंकरण सम्मान मूर्ति शिल्पकार अंकुश देवांगन**

परमेश्वरी सेवा रत्न अलंकरण सम्मान परमेश्वरी पुराण कथा वाचक आचार्य संतोष राव गांगुली खरोरा एवं समाज सेवी डॉ. बालमुकुंद देवांगन, परमेश्वरी सेवा भूषण अलंकरण सम्मान सामाजिक उत्थान, संगठन एवं जनकल्याण के लिए चंदूलाल देवांगन, डॉ. श्यामलाल देवांगन, डॉ. जी. एल. देवांगन, डॉ. एस. एम. देवांगन, सुभाषचन्द्र देवांगन, पुरानिक राम देवांगन, यू. सी. देवांगन, रामानन्द देवांगन तथा स्व. डॉ. दुष्यंत देवांगन एवं स्व. झड़ी राम देवांगन को मरणोपरांत प्रदान किया गया। साथ ही आदिपुरुष दीपचंद अलंकरण सम्मान समाज के विशिष्ट दानदाता नोहर सिंह देवांगन, कुंजलाल देवांगन रायपुर, मुरलीधर देवांगन एवं निर्मल कुमार देवांगन को और स्व. सुखीतराम देवांगन व स्व. पतीराम देवांगन को मरणोपरांत उनके परिवार को प्रदान किया गया।

### लोग लालच में आकर धर्मांतरण ना करें

समारोह को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य पं. संतोष राव ने कहा समाज की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर प्रोत्साहित एवं सम्मानित करना सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि लोग लालच में आकर धर्मांतरण न करें। बल्कि अपने कुल एवं समाज की परंपरा एवं संस्कृति का सम्मान करें। समारोह को सम्मान प्राप्त विशिष्ट जनों ने भी संबोधित किया। सभी ने देवांगन समाज के पुरोधाओं के नाम पर स्थापित सामाजिक अलंकरण सम्मान प्रदान करने की सराहना की। इस अवसर पर दीपावली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया और परमेश्वरी मंदिर प्रांगण को दीयों से सजाकर आतिशबाजी कर खुशियां मनाई गई। आयोजन में सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेंद्र देवांगन, रेशमलाल देवांगन, त्रिलोक देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, जीतेन्द्र बांकुरे, सत्यपाल देवांगन, राजू देवांगन, हेम कैलाश देवांगन, दयाराम देवांगन, होमलाल, समाज के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में परिवार सहित उपस्थित थे। सम्मान समारोह का संचालन सुमन देवांगन, सांस्कृतिक समारोह का संचालन रामगोपाल देवांगन और आभार प्रदर्शन विनोद देवांगन ने किया।

**धर्म लाइव**


## पूर्व खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी छग राज्य गुंडाधुर पदक से सम्मानित



**भिलाई।** हेमचंद् यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की होनहार खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी को राष्ट्रीय एवं अतर्राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिताओं में लगातार सर्वोच्च प्रदर्शन करने पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर मे आयोजित राज्य अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रति सी.पी. राधाकृष्णन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य गुण्डाधुर पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल खिलाड़ी के उपलब्धियों का मान्यता देते है बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य की राष्ट्रीय एवं अतर्राष्ट्रीय खेल मंच पर बढ़ती प्रतिष्ठा को बढ़ावा देती है। ज्ञानेश्वरी लगातार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिताओं में सर्वोच्च प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का ही नहीं बल्कि पुरे भारत देश का नाम गौरवान्वित कर रही है। ज्ञानेश्वरी की इस सम्मान पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं खेल संचालक डॉ. दिनेश कुमार नामदेव उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। ज्ञानेश्वरी सत्र 2022-23 में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए ऑल इंडिया विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में एवं खेलों इंडिया विश्वविद्यालय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त की थी साथ दोनों ही प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड भी प्राप्त कर चुकी है। वे लगातार सर्वोच्च प्रदर्शन करते हुए आज राजनांदगांव जिले में सहायक उप निरीक्षक के पद पदस्थ है।

**कलश यात्रा में महिलाएं हुईं शामिल**

## संगीतमय सार्वजनिक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह शुरू





**भिलाई।** संगीतमय सार्वजनिक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 9 नवबंर से 16 नवंबर तक दुर्गा मंच जवाहर नगर, भिलाई में आयोजित किया जा रहा है। प्रवचनकर्ता भागवताचार्य संजेश्वरी देवी दवरा रोज दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक कथा का व्याख्यान दिया जाएगा। रविवार को सुबह 10 बजे से कलश यात्रा निकालकर भागवत सप्ताह की शुरुआत की गई। इस अवसर पर यजमान के साथ साथ आसपास के श्रद्धालु काफी संख्या में हुए। महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर पूरे भक्ति भाव के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए।

जिसके बाद कथा स्थल में वेदी पूजन, मातृका पूजन कर मंत्रोच्चार के साथ कथा व्यास की पूजा की गई।आज की कथा में देवपूजन, गोकर्ण की कथा का रसपान भक्त करेंगे। कथा के दूसरे दिन मंगलवार को विदूर अनुसूईया, शिव चरित्र होगा। बुधवार को ध्रुव प्रहलाद की कथा, गुरुवार को वामन अवतार, श्रीराम अवतार, श्री कृष्ण जन्म होगा। शुक्रवार को रूखमणी पाणिग्रहण और झांकी,शनिवार को सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष, भागवत चढ़ौत्री होगा। रविवार को सुबह 10 बजे से गीता, तुलसी वर्षा, हवन, प्रसाद वितरण एवं परिक्रमा होगा। श्री दुर्गा मंच जवाहर नगर भिलाई में आयोजित कथा में क्षेत्रवासियों ने सभी को शामिल होने अपील की है।

**अग्रवाल महिला मंडल का कार्यक्रम**

## शिव तालाब कादंबरी नगर में मनाई देव दीपावली, सजाई दीपों की श्रृंखला



**भिलाई।** कादंबरी नगर अग्रवाल महिला मंडल द्वारा स्थानीय शिव तालाब परिसर में देव दीपावली का आयोजन किया गया। तालाब को दीपों की श्रृंखलाओं से सुसज्जित किया गया, जहां भगवान शिव की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। भक्ति से सराबोर वातावरण में महिलाओं ने दीप प्रज्वलित कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सरिता गोयल एवं सचिव सरोज अग्रवाल कोषाध्यक्ष संजना पोद्दार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भजन-कीर्तन में सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम उपरांत सभी उपस्थित महिलाओं के लिए हाई-टी की विशेष व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर महिला मंडल की पूर्व सरंक्षिकाएं एवं सभी सदस्याएं सहित ज्योति गोयल, कमलेश गोयल, मधु अग्रवाल, निर्मला बंसल, अनीता बंसल, संजू पोद्दार, कमला खेतान, अंजू खेतान, मनीषा गुप्ता, वंदना गुप्ता, मंजू अग्रवाल सहित सभी महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में देव दीपावली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिला मंडल ने समाज में धार्मिक आस्था एवं एकता का संदेश दिया।

## बच्चों का नया बेस्टफ्रेंड बना फोन, टीवी और लैपटॉप, आंखों पर बढ़ रहा खतरा

**दुर्ग।** आज के दौर में बच्चों का नया बेस्टफ्रेंड कोई इंसान नहीं, बल्कि फोन, टीवी और लैपटॉप बन गए हैं। घंटों स्क्रीन के सामने बैठना अब बच्चों की दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। यही आदत उनकी आंखों के लिए खतरा साबित हो रही है।



दुर्ग की नेत्र विशेषज्ञ डॉ. ऋचा वर्मा ने बताया कि कई बच्चे टीवी देखते समय या किताबें पढ़ते हुए सिर झुकाकर, एक आंख बंद करके या तिरछा करके देखते हैं। यह आंखों में कमजोरी या अन्य समस्या का शुरुआती संकेत हो सकता है। उन्होंने अभिभावकों को सतर्क करते हुए कहा कि बच्चों की आंखों की सेहत को नजरअंदाज न करें। गलत लाइटिंग, अत्यधिक स्क्रीन टाइम और बाहरी गतिविधियों की कमी बच्चों की दृष्टि को प्रभावित कर सकती है।

**बच्चों को खुली हवा में खेलने की डालें आदत :** डॉ. ऋचा वर्मा ने कहा कि कमरे और स्क्रीन की ब्राइटनेस एक जैसी रखें। रोजाना कम से कम 1 घंटे बच्चों को बाहर खेलने दें। अगर बच्चा ब्लैकबोर्ड साफ नहीं देख पा रहा है, तो हर 6 महीने या साल में एक बार आंखों की जांच जरूर करवाएं। किसी भी असामान्य लक्षण पर तुरंत नेत्र चिकित्सक से परामर्श लें। उन्होंने कहा कि बच्चों की आंखों की देखभाल उतनी ही जरूरी है जितनी उनकी पढ़ाई। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों का स्क्रीन टाइम सीमित करें और उन्हें खुली हवा में खेलने की आदत डालें। डॉ. ऋचा वर्मा ने कहा कि बच्चों की आंखें सबसे कीमती हैं, उन्हें बचाने की जिम्मेदारी अभिभावकों की है।

**विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह चेम्बर ऑफ कॉमर्स के कार्यक्रम में हुए शामिल**

## चेम्बर के नए पदाधिकारियों को दिलाई शपथ, व्यापारियों और जनता को मिलेगा सरकार की नई उद्योग नीति का लाभ

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्टीज दुर्ग इकाई के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन दुर्ग के रिसॉर्ट में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा दुर्ग चेंबर अध्यक्ष अनूप गटागट और महिला विंग अध्यक्ष डॉ. मानसी गुलाटी सहित अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। चेम्बर सरकार और व्यापारियों के बीच पुल का कार्य करती है- डॉ रमन सिंह समारोह को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी का अभिनंदन करते हुए कहा कि चेम्बर एक ऐसा मंच है, जो सरकार और व्यापारियों के बीच पुल का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि सरकार वर्ष 2024 में उद्योग की बेहतर नीति लाई है। नई उद्योग नीति का लाभ यहां के व्यापारियों के साथ प्रदेश की जनता को भी मिलेगा। छत्तीसगढ़ की बढ़ती इकॉनामी ग्रोथ विकास को प्रदर्शित कर रही है। उन्होंने छ.ग. में एम्स, टेक्निकल यूनिवर्सिटी, आईआईटी का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके यहां खुलने से देश में प्रदेश की पहचान बनी है। छ.ग. देश की अर्थव्यवस्था में छुपा रुस्तम राज्य है। बहुत जल्द छ.ग. आर्थिक रूप से देश का दूसरा व तीसरा राज्य बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकार की नीति और नियत ठीक रहे तो प्रदेश की विकास में कामयाबी मिलेगी।







### पीडीएस, किसानों के खाते में राशि हस्तांतरण छग की देन

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि इस बार व्यापारियों ने सर्व सहमति से पदाधिकारियों का चयन किया है। जय व्यवहार, जय व्यापार में जिनका व्यवहार अच्छा रहता है, वह सफल व्यापारी होता है। पीडीएस प्रणाली, किसानों की खाते में राशि हस्तांतरण छ.ग. की देन है। व्यापार, सहकार और शासन तीनों के समानता से कुशल व्यापार का संचालन होता है। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के समय चेम्बर ऑफ कॉमर्स के योगदान भुलाया नहीं जा सकता। मंत्री यादव ने नई पदाधिकारियों को सेवा भाव से आगे भी कार्य करने के लिये शुभकामनाये दी। समारोह को चेम्बर के पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु एवं नागरिक उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-14 प्लेट ग्रुप क्रिकेट में रायगढ़ बना विजेता



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-14 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। जिसमें रायगढ़ की टीम जांजगीर चांपा की टीम को 9 विकेट से पराजित कर विजेता बनी। टॉस जांजगीर चांपा की टीम ने जीता एवं पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पूरी टीम 70 रन बनाकर आउट हो गई। मोहम्मद असद ने 42 रन बनाएं। गेंदबाजी में रायगढ़ कप्तान चंद्र प्रकाश साहू ने पांच विकेट एवं धनंजय दास बैरागी ने चार विकेट लिए। बल्लेबाजी में रायगढ़ ने एक विकेट पर 71 रन बनाएं। धनंजय दास बैरागी ने नॉट आउट 29 रन, आरव शर्मा ने नॉट आउट 17 रन बनाए और शौर्य पांडे 17 रन बनाकर रन आउट हुए। फाइनल मैच एवं ट्रॉफी वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव अजय तिवारी थे। उन्होंने हाथों से विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। मैच के अंपायर सुनील कुमार डड़सेना एवं हरप्रीत सिंह थे। स्कोरर महेश दत्त मिश्रा थे। इस अवसर पर मैच के ऑब्जर्वर कमल घोष, अंडर-14 एवं अंडर-16 सलेक्शन कमेटी के चेयरमैन परमजीत सिंह, सिलेक्टर रोहित ध्रुव और पिच क्यूरेटर आजाद अहमद सहित खिलाड़ियों के अभिभावक एवं खेल प्रेमी जनता उपस्थित थे। संचालन विनोद देवघरे ने किया।

### नेशनल जंप रोप में छत्तीसगढ़ को पहले दिन जीते 10 पदक



**रायपुर।** जम्प रोप फेडरेशन ऑफ़ इंडिया एवं मध्यप्रदेश एसोसिएशन के संयुक्त आयोजन में रीवा के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 7 से 9 नवंबर तक 18 वीं ऑल इंडिया राष्ट्रीय जंप रोप स्पर्धा आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ के 18 सदस्यों के दल ने प्रतियोगिता के पहले दिन ही शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 1 रज़त एवं 4 कांस्य सहित 10 पदक पर कब्ज़ा जमा लिया। जंप रोप एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ के महासचिव अखिलेश दुबे ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीम की ओर से पहला स्वर्ण पदक 18 वर्ष आयु वर्ग बालिका में श्रुति जनबंधु ने व्यक्तिगत इवेंट में 3 मिनट इंडोरेंस में स्वर्ण पदक दिलाया, इसी आयु वर्ग के बालक वर्ग में सिंगल रोप डबल अंडर रिले इवेंट में ऐशवर्य ठाकुर एवं शिवम् राज ने 2 कांस्य पदक प्राप्त किया, एवं सिंगल रोप स्पीड रिले 4 स्वर्ण पदक शिवम् राज , ईशांत वर्मा , योगेश प्रजापति, आदित्य शुक्ला ने दिलाया। अंडर 11 बालिका वर्ग में मेहविश फातिमा ने 3मिनट इंड़ोरेंस में कांस्य पदक जीता, अंडर 14 आयु वर्ग मेँ अभिराज अधिकारी ने 3 मिनट इंडोरेंस में कांस्य पदक दिलाया. टीम के मुख्य कोच हिमांशु कश्यप, ॠतिक वर्मा एवं मैनेजर युक्ति दुबे हैं।

### शतरंज में योगदान के लिए क्रीड़ा अलंकरण से सम्मानित हुए हेमंत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा वन काष्ठागार पिथौरा में आयोजित दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर संपत अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में शतरंज खेल गतिविधियों को विशिष्ट आयाम देने के लिए शतरंज के क्षेत्र में हेमंत खुटे को कीड़ा अलंकरण से सम्मानित किया । इस मौके पर जनपद पंचायत पिथौरा के अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे एवं छत्तीसगढ़ श्रमजीवो पत्रकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद अवस्थी मौजूद थे।

### जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट के लिए चयन 14 को

**भिलाई।** भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के



निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के तत्वावधान में 33 वीं जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आगरा में 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक आयोजित है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट की बालक एवं बालिका टीम भी भाग लेगी। इस हेतु एक चयन स्पर्धा का आयोजन 14 नवंबर को सुबह 9:00 बजे से 11:00 तक किया जा रहा है। इस चयन स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी सचिव आजाद अहमद खान से संपर्क कर 13 नवंबर तक पंजीयन करा सकते हैं।

## दिल-दिमाग के बीच दिक्कत आने पर घट सकती है सोचने-समझने की शक्ति

# दिल-दिमाग का रिश्ता है बेजोड़, दिल कमजोर हुआ तो ब्रेन के लिए भी बढ़ सकती हैं मुश्किलें

ब्रिटिश वैज्ञानिकों की टीम ने एक हालिया अध्ययन की रिपोर्ट में बताया है कि जिन लोगों को 40-50 की उम्र में हृदय स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं होती हैं, ऐसे लोगों में आगे चलकर डिमेंशिया जैसी बीमारी होने का खतरा भी अधिक हो सकता है।

दिल की बीमारियों के मामले हाल के वर्षों में काफी तेजी से बढ़े हैं। सबसे बड़ी चिंता इसके युवा और वयस्कों में बढ़ते मामलों को लेकर है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कम उम्र में ही दिल की बीमारियों के कारण संपूर्ण स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर होने का जोखिम रहता है, इतना ही नही हृदय की बीमारियों के चलते क्वालिटी ऑफ लाइफ पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। दिल सिर्फ खून पंप करने वाला अंग नहीं है, बल्कि यह पूरे शरीर को ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचाने का भी काम करता है। यही कारण है कि जब हमारा हृदय कमजोर होता है तो इसका असर शरीर के बाकी हिस्सों जैसे दिमाग, किडनी, फेफड़े और लिवर जैसे महत्वपूर्ण अंगों पर भी पड़ता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को हृदय स्वास्थ्य पर ध्यान देते रहने की सलाह देते हैं। इसी से संबंधित एक अध्ययन की रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया कि जिन लोगों



को हार्ट की समस्या होती है, उन्हें भविष्य में दिमाग की बीमारियां होने का भी खतरा अधिक हो सकता है। आइए जानते हैं कि इन दोनों का आपस में क्या रिश्ता है?

### हृदय रोगियों में डिमेंशिया का बढ़ जाता है खतरा

ब्रिटिश वैज्ञानिकों की टीम ने एक हालिया अध्ययन की रिपोर्ट में बताया है कि जिन लोगों को 40-50 की उम्र में हृदय स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं होती हैं, ऐसे लोगों में आगे चलकर डिमेंशिया जैसी बीमारी होने का खतरा भी अधिक हो सकता है। वैज्ञानिक लंबे समय से चेतावनी देते रहे हैं कि उच्च रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल सहित हृदय संबंधी जोखिम कारक न केवल हृदय को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि मस्तिष्क को खून पहुंचाने वाली छोटी-नाजुक रक्त वाहिकाओं को भी क्षति पहुंचा सकते हैं, जिसके कारण दिमाग से संबंधित बीमारी जैसे अल्जाइमर और डिमेंशिया होने का खतरा बढ़ सकता है।

### हार्ट और ब्रेन के बीच कनेक्शन

ब्रिटिश वैज्ञानिकों ने बताया कि मध्यम आयु वर्ग के लोग जिन्हें हार्ट की समस्या होती है, ऐसे लोगों में डिमेंशिया का जोखिम अधिक देखा गया। इस आधार पर



वैज्ञानिकों ने कहा, चूंकि हृदय रोगों के कारण दिल की सेहत पर भी असर हो सकता है इसलिए हृदय रोग और डिमेंशिया दोनों से बचे रहने के लिए खान-पान, व्यायाम और धूम्रपान न करने जैसे उपायों पर सभी लोगों को गंभीरता से ध्यान देते रहने की आवश्यकता है।

ब्रिटिश हार्ट फाउंडेशन के मुख्य वैज्ञानिक और चिकित्सा अधिकारी, प्रोफेसर ब्रायन विलियम्स कहते हैं, यह अध्ययन हार्ट और ब्रेन के बीच महत्वपूर्ण संकेतों के बारे में जानकारी देता है। हृदय स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान



केंद्रित करने की हमारी सलाह, मस्तिष्क को भी स्वस्थ और बेहतर बनाए रखने में मददगार हो सकती है।

### अध्ययन में क्या पता चला?

इस अध्ययन में, यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल) के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में प्रतिभागियों के खून में ट्रोपोनिन नामक प्रोटीन के स्तर की जांच की गई। यह प्रोटीन हृदय की मांसपेशियों के क्षतिग्रस्त होने पर रक्तप्रवाह में बढ़ने लगता है। जिन लोगों में हार्ट अटैक का खतरा अधिक होता है उन्हें डॉक्टर नियमित रूप से ट्रोपोनिन की जांच कराते रहने की सलाह देते रहे हैं।

शोधकर्ताओं ने 45 से 69 वर्ष की आयु वाले लगभग 6,000 लोगों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड की जांच की और उनमें ये टेस्ट किया। परीक्षण के समय किसी को भी डिमेंशिया या हृदय रोग नहीं था। फिर इन लोगों पर औसतन 25 वर्षों तक नजर रखी गई और उनकी याददाश्त और सोचने की क्षमता का आकलन भी किया गया। समय के साथ इनमें से 695 लोगों में डिमेंशिया का निदान किया गया।



## राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की बेटियों ने दिलाया स्वर्ण

**रायपुर।** रायपुर। थाई बॉक्सिंग इण्डियन फेडरेशन (टीआईएफ) के तत्वावधान में पंजाब थाई बॉक्सिंग संघ की ओर से सीनियर, जूनियर, सब जूनियर (बालक - बालिका) वर्ग की 16वीं राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन 07 से 09 नवंबर तक अमृतसर (पंजाब) में किया जा रहा है। उल्लेखनीय है इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का 21 सदस्यों का थाई बॉक्सिंग दल शामिल हुआ।

छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनीस मेमन, महासचिव लखन कुमार साहू ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अंतिम दिन रविवार को शाम तक सम्पन्न फाइनल में एकलव्य खेल परिसर-जावंगा, गीदम, दंतेवाड़ा (दक्षिण बस्तर) की पायके कवासी (सब जूनियर, 12 - 14 वर्ष, -44 केजी) ने अपने वर्ग में महाराष्ट्र की खिलाड़ी को परास्त कर छत्तीसगढ़ को पहला स्वर्ण पदक दिलाया जबकि श्री गुजराती स्कूल, रायपुर की पिंकी गुप्ता (जूनियर, 14 - 17 वर्ष, - 44 केजी) ने भी अपने वर्ग में महाराष्ट्र के खिलाड़ी को परास्त कर स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा 04 खिलाड़ी फाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी से अंकों के आधार पर स्वर्ण से वंचित हुए और छत्तीसगढ़ को रजत पदक दिलाया।

- एकलव्य खेल परिसर दंतेवाड़ा की पायके कवासी और गुजराती स्कूल रायपुर की पिंकी गुप्ता की उपलब्धि

इस तरह छत्तीसगढ़ को अब तक 06 पदक हासिल हो चुके है और देर रात्रि तक पदकों की संख्या बढ़ने की संभावना है। रजत पदक विजेता में दीपाली बघेल-रायपुर (जूनियर, 14 - 17 वर्ष, - 48केजी), लच्छी कवासी - दंतेवाड़ा (सब जूनियर, 12-14 वर्ष,-36 केजी),सोमारी मरकाम-दंतेवाड़ा (सब जूनियर, 12 - 14वर्ष, - 44 केजी), रामे कवासी - दंतेवाड़ा (सब जूनियर, 12 - 14 वर्ष, - 52 केजी) शामिल हैं। क्वार्टर फाइनल के बाद देर रात्रि तक सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग के सेमी फाइनल



और फाइनल के मुकाबले हुए। चैंपियनशिप के पहले दिन 7 नवंबर को खिलाड़ियों का पंजीयन, वजन, मेडिकल, ड्रा एवँ रेफरी सेमिनार हुआ।

चैंपियनशिप के दूसरे दिन 08 नवंबर को सब जूनियर, जूनियर एवँ सीनियर वर्ग की क्वालीफाइंग स्पर्धा प्रारम्भ हुई। थाई बॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा 16वीं राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप हेतू गठित टेक्निकल समिति में रायपुर के अनीस मेमन चीफ जज तथा एकलव्य खेल परिस - गीदम, दंतेवाड़ा की कोच कु टिकेश्वरी साहू रेफ़री एवं जूरी के रूप में नियुक्त किये गए है। छत्तीसगढ़ प्रदेश थाई बॉक्सिंग दल के कोच/मैनेजर का दायित्व काँकेर (उत्तर बस्तर) की नजमा परवीन कुरैशी और बालोद की भुनेश्वरी निर्वहन कर रही है।

छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग दल में बालिका खिलाड़ी लच्छी कवासी, पायके कवासी, सोमानी मरकाम, रामे कवासी (एकलव्य खेल परिसर, जावंगा, गीदम, दंतेवाड़ा, दक्षिण बस्तर), प्रियंका साहू, मानसी तांडी, पिंकी गुप्ता, दीपाली बघेल (रायपुर), अंजली साहू, चिकलेश्वरी (बालोद) और बालक खिलाड़ी मंगल साय नाग एवं पप्पू कश्यप (दोनों एकलव्य खेल परिसर, जावंगा, गीदम, दंतेवाड़ा, दक्षिण बस्तर), बामन कुमार सिन्हा, आयुष जसूजा, मनीष देशमुख, संयम यादव, मयंक साहू (सभी बालोद),कोच एवं मैनेजर - नजमा परवीन कुरैशी (काँकेर) दिलेश्वरी (बालोद), फेडरेशन से आमंत्रित निर्णायक - अनीस मेमन (रायपुर) एवँ टिकेश्वरी साहू (कोच-एकलव्य खेल परिसर, जावंगा, गीदम, दंतेवाड़ा) शामिल हैं।

## राष्ट्रीय तलवारबाजी में छत्तीसगढ़ को एक रजत और दो कांस्य पदक




**रायपुर।** मणिपुर की राजधानी इंफाल में 27 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय फेंसिंग (तलवारबाजी) प्रतियोगिता का आयोजन 03 से 08 नवम्बर तक किया गया। जिसमे देश के विभिन्न राज्यों के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया। उक्त प्रतियोगिता के एपी बालक व्यक्तिगत मुकाबले में वीर कुमार गुप्ता ने छत्तीसगढ़ राज्य को रजत पदक दिलाया। वीर कुमार गुप्ता ने अपने व्यक्तिगत मुकाबले में केरला, कर्नाटक , बिहार तथा गुजरात के प्रतिद्वंदी खिलाड़ी को हराते हुए फायनल में प्रवेश किया। फायनल मुकाबले में मणिपुर के प्रतिद्वंदी खिलाड़ी से 9–15 के स्कोर से हार कर रजत पदक हासिल किया। फॉयल बालिका व्यक्तिगत मुकाबले में स्नेहा यादव ने छत्तीसगढ़ को कांस्य पदक दिलाया।

स्नेहा ने चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, मणिपुर के प्रतिद्वंदी खिलाड़ी को हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई, लेकिन उन्हें सेमीफाइनल में हरियाणा के खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा तथा तीसरे स्थान में रहते हुए कांस्य पदक से संस्तुष्ट करना पड़ा। छत्तीसगढ़ को तीसरा एवं अंतिम पदक एपी बालक टीम ने कांस्य पदक के रूप में दिलाया। एपी बालक टीम में वीर कुमार गुप्ता, श्रेयांश गुप्ता, देवाशीष साहू एवं भौमिक यादव ने प्रतिनिधित्व किया। टीम ने टॉप 16 में दिल्ली की टीम को 15 -11 से हराकर क्वार्टर फईनल में प्रवेश किया।

क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ ने गुजरात को संघर्षपूर्ण मैच में 45-41 से पराजित कर सेमीफइनल में प्रवेश किया। सेमीफइनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला हरियाणा के साथ खेला गया जिसमे छत्तीसगढ़ को 33-45 से हार का सामना करते हुए कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 28 सदस्यीय टीम ने भाग लिया जिसके मुख्य कोच शहीद हनुमान सिंह अवॉर्डी श्री व्ही.जॉनसन सोलोमन रहे। इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों को प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एस.प्रकाश (आईएएस), कार्यकारी अध्यक्ष सुनील रामदास अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत सिंह पटेल, महासचिव बशीर अहमद खान, संयुक्त सचिव अखिलेश दुबे, निखिल जंबूलकर, कोषाध्यक्ष राम प्रताप गुप्ता, प्रशिक्षक व्ही. जॉनसन सोलोमन, प्रवीण कुमार, मोहनीश वर्मा आदि ने बधाई दी है।

## रणजी ट्रॉफी में मयंक के शानदार 121 नाबाद रन

**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. की ओर से रणजी ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 15 अक्टूबर से किया जा रहा है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (08-11 नवंबर) शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में पुडुच्चेरी टीम के विरुद्ध खेला गया। पुडुच्चेरी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 136 ओवरों में 10 विकेट खोकर 377 रन बनायें। छत्तीसगढ़ की ओर से मयंक वर्मा ने



रणजी ट्राफी में अपना पहला शतक लगाते हुये शानदार 121 नाबाद रन बनाये। संजित देसाई ने 69 रन बनाये। वहीं प्रांरभिक बल्लेबाज आयुष पांडे ने 45 रन बनाये तथा कप्तान अमनदीप खरे 44 रन बनाकर आउट हुये। पुडुच्चेरी की ओर से पुनित दाते तथा सागर ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक पुडुच्चेरी ने अपनी पहली पारी में 37 ओवरों में 2 विकेट खोकर 108 रन बना लिये हैं। पुडुच्चेरी की ओर से पारस ने नाबाद 47 रन तथा आनंद सिंह ने नाबाद 26 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण तथा आदित्य सरवटे ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक पुडुच्चेरी 269 रनों से पीछे हैं।

## कार्नर न्यूज

## साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के प्रति सावधानी जरूरी

# मुफ्त उपहार के चक्कर में कभी भी न करें ऐसी गलतियां, वरना आपका बैंक खाता खाली होने में नहीं लगेगी देर

इन दिनों साइबर ठगी का जाल समाज के हर हिस्से में फैल चुका है।खास तौर पर त्यौहारों के मौके पर जालसाज आपको ठगने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। जालसाज लोगों को बोनस प्वाइंट, उपहार, लॉटरी, कैशबैक देने जैसे तरीके अपनाकर ठग लेते हैं। वहीं, किसी मुफ्त उपहार के चक्कर में तो बिल्कुल न पड़े। इसलिए त्यौहारों पर आपको कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना है, ताकि आप फ्रॉड का शिकार होने से बच सकें।

### मुफ्त उपहार से बचकर

अगर आपके पास भी कोई ऐसा मैसेज आता है, ईमेल आता है या कॉल आता है, जिसमें कहा जाता है कि आपकी लॉटरी लगी है तो ध्यान रखें कि ये फेक मैसेज हो सकते हैं। जालसाज आपको अपनी बातों में फंसाकर आपके साथ ठगी कर सकते हैं।

### लोन वाले मैसेज से बचकर

आपके पास कोई ऐसा मैसेज आ सकता है, जिसमें आपको प्री-अप्वूड लोन दिया जा रहा हो। पर ध्यान रखें कि इन मैसेज पर विश्वास करने से पहले



अपने बैंक से जरूर कंफर्म करें कि क्या सच में आपको कोई लोन का ऑफर मिला है या नहीं।

### फर्जी बैंक कॉल से बचकर

जालसाज आपको बैंक अधिकारी बनकर कॉल कर सकते हैं और आपको दिवाली के नाम पर कई ऑफर्स के नाम पर ठग सकते हैं। इसलिए कभी भी ऐसे कॉल पर अपनी कोई भी जानकारी शेयर न करें और सीधे बैंक से संपर्क करें।

### इस तरह के मैसेज से भी सावधान

कई ऐसे मैसेज व्हाट्सएप पर घूमते हैं, जिसमें त्योहार के मौके पर फ्री डाटा, कुछ इनाम या कैश देने की बातें कही होती हैं। पर ध्यान रहे कि ये मैसेज फेक होते हैं, ये आपका डाटा चुराने की एक तरकीब होती है और इससे आपको चपत भी लगाई जा सकती है। इसलिए इन मैसेज पर कभी क्लिक न करें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## भारत में चौथी बार कॉन्सर्ट करने आ रहे रैपर पिटबुल, इन शहरों में देंगे लाइव परफॉर्मेंस



अंतरराष्ट्रीय रैपर और सिंगर पिटबुल दिसंबर महीने में एक बार फिर भारतीय दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करने आ रहे हैं। 'मिस्टर वर्ल्डवाइड' के नाम से मशहूर पिटबुल अपने नए टूर 'आई एम बैक' के तहत भारत के दो बड़े शहरों- गुरुग्राम और हैदराबाद में परफॉर्म करेंगे। इस म्यूजिकल टूर की शुरुआत 6 दिसंबर को गुरुग्राम के हुडा ग्राउंड से होगी, जिसके बाद 8 दिसंबर को पिटबुल हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में परफॉर्म करेंगे। इस खबर की जानकारी बुक माय शो ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर दी, जिसमें लिखा गया- 'भारत तैयार हो जाइए, मिस्टर वर्ल्डवाइड फिर लौट रहे हैं।'

पिटबुल का असली नाम आर्मांडो क्रिश्चियन पेरेज है। दुनिया भर में वह अपने हिट गानों 'टिंबर', 'होटल रूम सर्विस' और 'नो लो ट्राटेस' के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने भारत में इससे पहले 2011, 2017 और 2019 में परफॉर्म किया था और हर बार उनके कॉन्सर्ट्स में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था। उनके गानों की खासियत उनकी ऊर्जावान बीट्स और डांस म्यूजिक है, जो हर बार स्टेज को जोश से भर देती हैं। भारतीय दर्शकों के बीच पिटबुल का म्यूजिक पहले से ही काफी लोकप्रिय है। भारत में परफॉर्मेंस के बाद पिटबुल 11 दिसंबर को बहरीन में अपने अगले शो के लिए जाएंगे, जो अल दाना एम्फीथिएटर, साखिर में आयोजित होगा। संगीत प्रेमियों के लिए यह दिसंबर का महीना बेहद खास होने वाला है। टिकटों की बिक्री 25 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है और माना जा रहा है कि सभी टिकटें कुछ ही घंटों में बिक जाएंगी।

पिटबुल अपने हर शो में भारतीय फैंस के साथ जुड़ाव दिखाते हैं। उनका कहना है कि भारत का प्यार और यहां के दर्शकों की ऊर्जा उन्हें बार-बार वापस आने पर मजबूर करती है। गुरुग्राम और हैदराबाद दोनों शहरों के म्यूजिक प्रेमियों के लिए यह मौका यादगार बन सकता है, जब 'मिस्टर वर्ल्डवाइड' खुद मंच पर उतरकर अपनी धुनों से सबको थिरकने पर मजबूर कर देंगे।

### टॉलीवुड

## रिलीज हुआ 'जन नायकन' का पहला गाना, जबरदस्त डांस करते नजर आए थलपति विजय



थलपति विजय की अपकमिंग फिल्म 'जन नायकन' का पहला गाना आज रिलीज हो गया है। गाने का टाइटल 'थलपति कचेरी' है। इसे अनिरुद्ध रविचंदर ने कंपोज किया है। गाने में थलपति विजय जोशीला डांस कर रहे हैं। इसमें फिल्म के कई दृश्य भी दिखाए गए हैं।

गाने के रिलीज होने के बाद तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) प्रमुख के प्रशंसक मदुरै की सड़कों पर जश्न मनाते देखे गए। कई लोग विजय के पोस्टर पहने हुए गाने पर नाच रहे थे, जिससे गाने की रिलीज किसी उत्सव से कम नहीं लग रही थी। गाने की कोरियोग्राफी शेखर ने की है। गाने के वीडियो में विजय के मशहूर डांस मूव्स शामिल हैं।

बुधवार शाम को अपकमिंग फिल्म 'जन नायकन' का एक नया पोस्टर जारी किया गया। पोस्टर में, विजय समर्थकों की भीड़ के बीच आत्मविश्वास से खड़े दिखाई दे रहे हैं। नीले रंग की शर्ट और चश्मे में, वह जबरदस्त लग रहे थे। कई लोगों ने उनके ऊपर हाथ रखा हुआ था। इसी साल विजय के जन्मदिन पर 'जन नायकन' के निर्माताओं ने फिल्म का पहला टीजर रिलीज किया था। 65 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत विजय की आवाज से होती है, 'तुम लोग मेरे दिल में जिंदा रहोगे।' इसके बाद, अभिनेता पुलिस की वर्दी में, लाठी पकड़े हुए युद्ध जैसे माहौल में चलते हुए दिखाई दिए।

### भोजपुरी

## दिव्या को टुकुर टुकुर देख कल्लू के दिल की बजी घंटी, बोले- लागेलु जलपरी नियन



भोजपुरी सिनेमा और संगीत की दुनिया के युवा स्टाटर अरविंद अकेला कल्लू की अपनी फैन फॉलोइंग है। उनके गाने खासकर यंग जनरेशन को बहुत पसंद आते हैं। कल्लूट अपने अंदाज में रैप भी करते हैं और आइटम नंबर्स में भी उनका अपना जोर है। इसी कड़ी में अब उनका नया गाना 'जलपरी नियन' भी आया है, जो यूट्यूब पर टॉप ट्रेंड में है। खबर लिखे जाने तक इस गाने को 3.40 लाख से अधकि बार देखा जा चुका है। 11 हजार से अधिक लाइक्सम मिल चुके हैं और 500 से अधकि कॉमेंट्स से माहौल बना हुआ है। 'जलपरी नियन' गाना अपने नाम के अनुरूप ही हसीना की तारीफ और उसकी अदाओं से घायल दीवाने की बानगी है। इस गाने को अरविंद अकेला कल्लू ने जहां संसेशनल भोजपुरी सिंगर शल्पिीद राज के साथ गाया है, वहीं इसके म्याूजिक वीडियो में दिव्यान रालहन अपनी अदाओं का जलवा दिखा रही हैं। करीब तीन मिनट लंबा यह गाना और इसका म्यूनजिक ऐसा है, जो आपको झूमने पर मजबूर कर देता है। खासकर दिव्याी का अंदाज मदमस्तइ कर देने वाला है। इस गाने 'जलपरी नियन' के बोल आशुतोष तिवारी ने लिखे हैं, जबकि इसका संगीत प्रियांशु सिंह ने दिया है। गीत के बोल में कल्लू को दिव्या की खूबसूरती पर फिदा दिखाया गया है। गाने की शुरुआत जहां दिलकश संगीत से होती है, वहीं इसमें दिव्या् उनसे कहती हैं।

### शाही अंदाज़

2025 में भी डबल दुपट्टे का चलन दुल्हनों के फैशन में छाया है। एक दुपट्टा पारंपरिक तरीके से सिर पर पहना जाता है और दूसरा कंट्रास्टिंग शेड में कंधों पर डालकर टेक्सचर और ड्रामा जोड़ता है। अलग-अलग रंगों और कपड़ों जैसे वेलवेट या ऑर्गेंजा दुपट्टे पर बारीक काम करके आप अपने आउटफिट को अपनी शादी के दिन के लिए और भी परफेक्ट बना सकते हैं। यह बेहतरीन ट्रेंड आपके ब्राइडल लुक को और भी गहराई और लेयर्स देता है और आपके वेडिंग लहंगे को और भी खूबसूरत बनाता है।



लाइफ स्टाइल

## बदलते मौसम में फटने लगे हैं होंठ तो उठाएं यह कदम

नवम्बर का महीना चल रहा है। ऐसे में सर्दियों ने दस्तक दे दी है। होंठों को भी त्वचा की ही तरह बदलते मौसम में अतिरिक्त केयर की जरूरत होती है। अगर नारियल के तेल से मिलने वाले फायदों की बात करें तो इसमें ओमेगा-3 होता है जो कि आपकी स्किन में अंदर से नमी को लॉक करता है।

इसके साथ ही ये एक तरह के हीलर की तरह काम करता है, जो होंठों के लिए काफी फायदेमंद होता है। अगर आप नारियल के तेल से अपने होंठों पर मसाज करेंगे तो इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा। इससे लिए सबसे पहले टूथ ब्रश को गीला करें और हल्के हाथ से होठों को रगड़ें। इससे होंठों की डेड स्किन निकल जाएगी।

अगर आप जल्दी फटे होंठों से राहत पाना चाहते हैं तो नारियल के तेल में हल्का सा जैतून का तेल मिलाएं। अब इसे आप हर रोज सोने से पहले अपने होंठों पर लगा सकते हैं। जिस तरह ज्यादातर लोग लिप बाम का इस्तेमाल करते हैं, ठीक उसी तरह से आप भी नारियल के तेल को लिप बाम की तरह अपने होंठों पर लगा सकते हैं। इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा।



## दिखाना है जलवा तो पहन सकती हैं इस तरह की डिजाइनर साड़ियां



त्यौहार हर विवाहित महिला के लिए बेहद खास होता है। भारतीय विवाहित त्यौहारों को मनाना कभी नहीं भूलतीं। अपने हर त्यौहार को खास बनाने के लिए महिलाएं कई श्रृंगार करती हैं और नई-नई साड़ी पहनती हैं। आज कुछ डिजाइनर साड़ी पर बात की जाए। ये सभी साड़ियां आपको आसानी से बाजारों में मिल जाएंगी।



### सीक्वेन साड़ी

अगर आप किसी खास त्यौहार पर ग्लैमरस दिखना चाहती हैं तो इस तरह की सीक्वेन साड़ी कैरी करें। ये देखने में काफी प्यारी लगती हैं।



### सिल्क साड़ी

अगर शादी के बाद ससुराल में आपका पहला त्यौहार है तो लाल रंग की सिल्क की साड़ी आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। ये देखने में बेहद खूबसूरत लगती है।

### रफल साड़ी

इस तरह की साड़ी आपको किसी डिजाइनर शोरूम पर ही मिलेगी। ऐसी साड़ियां काफी क्लासी लगती हैं। आप इन्हें ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंट

अगर आप कुछ सिंपल पहनना चाह रही हैं तो इस तरह की फ्लोरल प्रिंट की साड़ी आपके लिए परफेक्ट है। ये देखने में भी काफी खूबसूरत लगती है।

### शिफॉन साड़ी

अगर आपको लाल साड़ी ही पहननी तो हैवी ब्लाउज के साथ इस तरह की शिफॉन की साड़ी आप पहन सकती हैं। इसे पहनकर आपका लुक निखर कर सामने आएगा।

### आर्गेंजा साड़ी

इस तरह की साड़ियां काफी हल्की होती है लेकिन इन्हें कैरी करना थोड़ा मुश्किल होता है। दरअसल, इन्हें पहनते वक्त आपको कई पिन की जरूरत पड़ेगी। वरना ये खिसकती रहेगी।

## फेस्टिव आउटफिट्स के साथ खूब जचेंगे लिपस्टिक के ये खास शेड्स

कई बार जल्दबाजी में तैयार होते समय हम अपने लिए लिपस्टिक के सही कलर नहीं चुन पाते हैं और इसी के कारण अपने लुक को बिगाड़ लेते हैं। तो कुछ ऐसे लिप शेड्स जिन्हें आप खास इस फेस्टिव सीजन के लिए कर सकती हैं ट्राई और लगा सकती हैं अपने लुक में चार चांद।

अगर आप बोल्ड कलर के शेड्स लगाना पसंद करती हैं तो रेड फैमिली शेड में से मैरून कलर को चुन सकती हैं। हालांकि मैरून कलर में भी कई शेड्स आपको मिल जाएंगे, लेकिन आप किसी भी कलर को चुनने से पहले अपनी स्किन टोन का खास ख्याल रखें। बाकी यह कलर लगभग हर स्किन टाइप पर खूबसूरत नजर आता है।

वहीं अगर आप मैट कलर से बोर हो गई हैं और ग्लॉसी लुक की तरफ जाना चाहती हैं तो इस तरह से किसी भी न्यूट्रल कलर की लिपस्टिक लगाकर होंठों पर ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप बेस मेकअप पर भी थोड़ा बहुत ध्यान जरूर दें।



आजकल ब्राउन कलर की लिपस्टिक को काफी पसंद किया जाने लगा है और यह कलर लगभग हर स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है। वहीं इस कलर पैलेट में आपको न्यूड शेड्स से लेकर डार्क और बोल्ड लुक देने वाले भी ब्राउन कलर आसानी से मिल जाएंगे।

ब्लश पिंक लिपस्टिक कलर खासकर फेयर स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है। वहीं इस लिप कलर को आप हल्का-फुल्का बेस मेकअप करके ही होंठों पर लगाएं। ऐसा करने से आपका चेहरा बेहद खिला हुआ नजर आने लगेगा। साथ ही ब्लश के लिए भी आप ब्लश पिंक कलर को ही चुनें।

## आसान विधि से घर पर तैयार करें बॉडी लोशन

सर्दिया शुरू होते ही लोगों को त्वचा से संबंधी दिक्कतें काफी परेशान करने लगती हैं। भले ही सर्दियों का मौसम हर किसी को पसंद आता हो, लेकिन इसी मौसम में हर कोई अपनी रूखी त्वचा से काफी परेशान रहता है। इसके लिए बहुत से लोग बाजार में मिलने वाले बॉडी लोशन इस्तेमाल करते हैं।

बाजार में आज के समय हर स्किन टाइप के हिसाब से बॉडी लोशन मिलते हैं लेकिन कई बार ऐसा होता है कि ये बहुत से लोगों को सूट नहीं करते। बहुत से लोग इन बॉडी लोशन को इस्तेमाल करने से बचते हैं। ऐसे में आप चाहें तो घर पर ही बॉडी लोशन तैयार कर सकते हैं। घर पर तैयार किया गया बॉडी लोशन केमिकल रहित होगा, ऐसे में इसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा पर किसी तरह का खतरा नहीं मंडराएगा।

घर पर बॉडी लोशन बनाने के लिए सबसे पहले एक डबल बॉयलर में शिया बटर, कोकोआ बटर, नारियल तेल और जोजोबा या बादाम तेल को डालें। इन सभी को पिघलाते हुए लगातार चलाते रहें, ताकि सभी चीजें अच्छी तरह से मिक्स हो जाएं।

इसके बाद जब सभी चीजें पिघल जाएं और अच्छी तरह मिल जाएं, तब इस मिश्रण को आंच से हटा लें। आंच से हटाने के बाद इसमें आवश्यक तेल की बूंदें डालें और अच्छे से मिलाएं। यदि तेल अच्छी तरह से



मिक्स नहीं होगा, तो पूरे मिश्रण में इसकी खुशबू नहीं आएगी। इसके बाद अब मिश्रण को फ्रीजर में 10-15 मिनट के लिए रखें।

बस ध्यान रखें कि ये पूरी तरह से जमकर टाइट न हो जाए। हल्का जमने पर इसे फ्रीजर से निकालें और फिर हैंड मिक्सर या व्हिस्क की मदद से फेंटें। इससे बॉडी लोशन का टेक्चर बिगड़ जाएगा।

बस अब आपका बॉडी लोशन तैयार है। इसे एक साफ जार में रखें। यह लोशन कमरे के तापमान पर कई हफ्तों तक ताजा रहेगा। आप इस लोशन को रोज नहाने के बाद अपनी त्वचा पर लगा सकते हैं। यह त्वचा को हाइड्रेट करेगा और उसे मुलायम बनाएगा।

### कार्नर न्यूज

### परफेक्ट लुक के लिए जैकेट को करें नए तरीके से स्टाइल

## जैकेट को स्टाइल करने का अलग-अलग होता है ढंग, इससे आपका 'फैशन गेम' होगा परफेक्ट


जैकेट पहनना सबको ही पसंद होता है। इसलिए तो तकरीबन हर किसी के पास एक जैकेट होती ही है। आपके पास भी होगी। लेकिन इस जैकेट को पहनने के बाद आपका लुक भी परफेक्ट होता है क्या?

अगर नहीं तो कुछ खास ड्रेसिंग टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं। ये वो टिप्स हैं जो जैकेट को स्टाइल करना सिखाएंगे। ये बताएंगे कि आप किन-किन तरीकों से जैकेट को बेहतर स्टाइल कर सकते हैं। इन टिप्स के साथ आपका फैशन गेम परफेक्ट होगा इस बात की गारंटी है-

वैसे एक्सपर्ट की मानें तो जैकेट हर ड्रेस के साथ अच्छी लगती ही है। बस शर्त इतनी है कि ड्रेस कैजुअल होनी चाहिए और ओवर साइज़ भी।

गर्मी के लिए जैकेट को स्टाइल करना है तो आपकी स्ट्राइप वाली शर्ट को लुक में शामिल कर लीजिए। इसके साथ आप कैजुअल और हॉलिडे मोड में आ जाएंगे। लेकिन इसके साथ नार्मल पैंट या जींस की जगह चीनोस पहनिए आपका लुक बेस्ट आएगा।

जब आपको स्मार्ट कैजुअल लुक चाहिए हो तो आप फॉर्मल पैंट




के साथ जैकेट को मैच करें, लुक अच्छा दिखेगा।

जैकेट के साथ सफ़ेद टीशर्ट का कॉम्बो तो आपको पता ही होगा। इसे जरूर ट्राई करें बस लोअर में जींस न पहनकर ब्लैक पैंट ही पहनें।

शॉर्ट के साथ भी डेनिम जैकेट पहनी जा सकती है। इसके लिए स्नीकर और प्रिंटेड शर्ट को इसका साथी बनाइए और देखिए, ये लुक कैसे दोस्तों के बीच आपको पॉपुलर कर देता है, देखिएगा।

